तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 22 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार, 11 अक्टूबर 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]




16 बीएसपी में मान्यता यूनियन नहीं होने की कीमत चुका रहे हजारों कर्मचारी






### लगातार बारिश से इस बार खेतों में भरा पानी निकालना पड़ रहा किसानों को

# पहली बार अक्टूबर में रिकार्ड 150 प्रतिशत बारिश फसलों को जलाशय से पानी देने की जरुरत नहीं

देवीलाल साहू ⏭भिलाई

सालों बाद इस साल ऐसी नौबत आई है कि अक्टूबर महीने में 135 प्रतिशत बारिश हो गई। यह महीना मौसम की विदाई का होता है लेकिन इस बार लगातार भारी बारिश होती रही। ऐसा रिकार्ड बना कि इस बार धान फसल को जलाशय से पानी देने की जरूरत नहीं पड़ रही। हर साल अक्टूबर में जलाशयों से धान फसल को पकाने के लिए पानी छोड़ा जाता था। इन दिनों स्थिति उलट है। लगातार बारिश से खेत पानी से भर गए हैं और पानी बाहर निकालने के लिए किसानों को जूझना पड़ रहा है। हाल यह है कि चारों प्रमुख जलाशयों में 100 फीसदी से ज्यादा जलभराव है।



चारों प्रमुख जलाशयों में 101 फीसदी जलभराव

### जिले में 1.16 लाख हेक्टेयर में है धान की फसल

जिले में 1.16 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में धान की फसल ली गई है। इन फसलों में 35 प्रतिशत क्षेत्रफल में अरली वेरायटी की धान फसल लगाई गई है। अरली वेरायटी की फसल लगभग तैयार हो गई है। शेष 65 प्रतिशत क्षेत्रफल में धान की लेट वेरायटी वाली है। इन फसलों को पकने के लिए सितंबर महीने में पानी की कमी हो जाती और किसानों की डिमांड पर जलाशयों से पानी छोड़ा जाता। इस बार पूरे सितंबर और अक्टूबर महीने में लगातार बारिश की वजह से खेत पानी से लबालब हैं। ज्यादातर किसान धान को बचाने के लिए पानी खेतों से निकाल रहे हैं।

### तांदुला, गोंदली, खरखरा और खपरी 100 प्रतिशत

दुर्ग और बेमेतरा जिले के किसानों को तांदुला जलाशय और खरखरा जलाशय से पानी दिया जाता है। गोंदली और खपरी जलाशय से भी किसानों को खेतों के लिए पानी मिलता है। तांदुला जलाशय में 100.90 प्रतिशत जलभराव है। पिछले साल यह जलाशय महज 72.96 प्रतिशत भरा हुआ था। खरखरा जलाशय 102.18 प्रतिशत जलभराव है। पिछले साल यहां 95 प्रतिशत ही पानी भरा था। खपरी जलाशय इन दिनों 100 प्रतिशत भरा हुआ है। पिछले साल इस जलाशय में 62.37 प्रतिशत ही पानी था।गोंदली जलाशय में भी इस बार 100 प्रतिशत जलभराव है। पिछले साल यहां 67.81 प्रतिशत पानी भरा हुआ था। चारों जलाशयों में पिछले साल जलभराव कम होने के बाद भी खेतों के लिए पानी देने की जरूरत पड़ी।

### इस बार 41 मिलीमीटर औसत बारिश ज्यादा

लगातार भारी बारिश का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि इस बार अक्टूबर महीने में 41 मिलीमीटर औसत बारिश ज्यादा हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक 10 अक्टूबर तक 68.3 मिलीमीटर औसत बारिश हो चुकी है। पिछले साल इस अवधि तक औसत बारिश 27.3 मिलीमीटर ही हुई थी। आने वाले दिनों में और भी सिस्टम बन सकता है और बारिश की संभावना बनी हुई है।

### जलाशयों से पहली बार खेतों को पानी नहीं

हर साल सितंबर महीने में धान फसल के लिए पानी कम पड़ जाता है और किसानों की मांग पर अक्टूबर महीने की शुरूआत में ही जलाशयों से पानी छोड़ा जाता है। इस बार जलाशयों से पानी छोड़ने की नौबत नहीं आई बल्कि खेतों में इतना ज्यादा पानी भर गया है कि किसानों को फसल बचाने निकालना पड़ रहा है।

\- झबेंद्रभूषण वैष्णव
महासचिव, छग प्रगतिशील किसान संघ

### किसानों ने बताई अपनी व्यथा

किसान पुकेश्वर साहू ने आठ एकड़ धान की फसल लगाई है। वे बतातें हैं कि लगातार हो रही बारिश की वजह से खेत में पानी इतना भर गया है कि हमें निकालना पड़ रहा है। संतराम यादव ने आठ एकड़ में धान की फसल ली है। वे बताते हैं कि हर साल सितंबर महीने में फसल पकने के लिए जलाशयों से पानी छोड़ा जाता था। इस बार यह नौबत ही नहीं आई। किसान चेतन यादव ने सात एकड़ में धान की फसल लगाई है। वें बताते हैं कि लगातर बारिश की वजह से खेतों में पानी भर गया है उसे निकालने के लिए जूझना पड़ रहा है। किसान कोमल धनकर ने पांच एकड़ में धान फसल लिया है। वे बताते हैं कि लगातार बारिश की वजह से फसल में कीट-व्याधि जैसी समस्या आ गई है। फसल बचाने खेतों से पानी निकाल रहे हैं।

## शेयर ट्रेडिंग में इन्वेस्टमेंट के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने बताया कि हनोदा निवासी गोवर्धन साहू ने पद्मनाभपुर में लिखित शिकायत की थी। प्रारंभिक जांच के बाद यह कार्रवाई की गई। आरोपी विजय कोसरे ने ट्रेडिंग कंपनी में इन्वेस्टमेंट के नाम पर 6 नवंबर 2023 से 3 अप्रैल 2024 तक चेक के माध्यम से 12.50 लाख रुपए लिए। विजय कोसरे की पूछताछ करते हुए पहले उसके उमरपोटी स्थित निवास में पहुंची, जहां से पता चला कि वह रुआबांधा में कही किराए का मकान लेकर निवास कर रहा है। वहां पता चला कि वह मोहन नगर क्षेत्र में अपने दोस्त के घर में छिपा हुआ है। आरोपी की घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। बहरहाल मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

## विद्युत तार की चपेट में आने से तीन भैंसों की दर्दनाक मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭कुम्हारी

यहां तीन भैंसें बिजली तार की चपेट में आने से मौत का शिकार हो गईं। जानकारी के मुताबिक विगत 8 अक्टूबर को कुम्हारी के लट्टी बाबा चौक निवासी संतोष यादव (पप्पू) की तीन भैंसें खारुन नदी किनारे स्थित एक फार्म हाउस में घास खा रही थी तभी वहीं पास ही विद्युत पोल से जमीन पर पड़े हुए तार की चपेट में आने से मौके पर पर ही तीनों भैंसों की मौत हो गई। इसकी लिखित जानकारी संतोष यादव ने स्थानीय थाने और विद्युत विभाग को दे दी है। मामले में जांच जारी है।

## मोबाइल शॉप से दो आईफोन उड़ा ले गए बाइक सवार

**भिलाई।** सुपेला थाना अंतर्गत आकाशगंगा स्थित नवजोत मोबाइल गैलरी से तीन अज्ञात लड़के दो आईफोन उड़ा ले गए। आईफोन की कीमत 1.30 लाख रुपए आंकी गई है। मेहरबान सिंह की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मेहरबानी सिंह ने बताया कि उनके भाई धनवंत सिंह की दुकान है। उनका भाई किसी काम से नगर निगम गया हुआ था। तभी दो लड़के आए, उन्होंने आईफोन दिखाने कहा। वर्करों ने उन्हें आईफोन दिखाया। आरोपी दो आईफोन लेकर भाग खड़े हुए।

## दहेज के लिए प्रताड़ना, पति, सास-ससुर और देवर के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

दहेज के लिए प्रताड़ित करने के मामले में महिला थाना पुलिस ने अंकिता वर्मा की शिकायत पर उसके पति अंकित, सास कंचन, ससुर गोविंद प्रसाद और देवर अर्पित के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आरोपियों के विरुद्ध धारा 498 ए, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने बताया कि अंकिता की लिखित शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि उनका विवाह 27 नवंबर 2022 को अंकित से हुआ था। शादी के दो महीने बाद से ही उसके पति और ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। बार-बार ताना मारा करते थे कि पिता बीएसपी में है, सोचा था अच्छा दहेज मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जबकि शादी के समय उनके पिता ने सोने-चांदी के जेवरात, नकद सहित उपहार के मिलाकर 11.18 लाख रुपए का सामान दिया था। 2 मई 2024 को वह अपने पिता के साथ अपने ससुराल दिल्ली से भिलाई लौट आई। इसके बाद 4 दिसंबर 2024 को मामले को लेकर थाने में शिकायत की। इसे लेकर काउंसिलिंग भी हुई, लेकिन दोनों पक्षों में सहमति नहीं हुई। इसके बाद पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज किया। बताया गया है कि आरोपी पक्ष मूलतः उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

## ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से 14 वर्षीय बालक की सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- पाटन थाना अंतर्गत चंगोरी से सावनी के बीच चीचा नाला की घटना

पाटन थाना अंतर्गत चंगोरी से सावनी के बीच चीचा नाला के करीब सड़क हादसे में 14 वर्षीय बालक साहिल रात्रे की मौत हो गई। घटना 30 जून की है। जांच के बाद पुलिस ने चालक अशोक यादव के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि घटना दिनांक 30 जून को सुबह करीब साढ़े 11 बजे ईंट भरे ट्रैक्टर को भाऊदास भाले के भट्ठे से तर्रा निवासी उमेश सोनी के यहां ले जाया जा रहा था। इस बीच घटना स्थल पर नाले के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर उछला, जिससे साहित जो कि ट्रैक्टर के मडगार्ड के ऊपर बैठा हुआ था, नीचे गिर गया। इस दौरान मौके पर लक्ष्मण चौहान भी मौजूद थे। साहिल को बुरी तरह घायल अवस्था में डीकेएस हॉस्पिटल रायपुर ले जाया गया। उसके फूफा ईश्वरी बंजारे ने उसे हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान 1 जुलाई की सुबह करीब 6.15 बजे साहिल की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले में जांच शुरू की। जांच में लक्ष्मण चौहान के बयान के आधार पर चालक पर एफआईआर दर्ज की गई। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।

## डी फार्मा का कोर्स कराया और थमा दी फर्जी डिग्री अपराध हुआ दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सुपेला थाना अंतर्गत उत्तर गंगोत्री सुपेला में संचालित रिलायबल एजुकेशन सेंटर के संचालक प्रेन्सिस कुमार (30 वर्ष) के खिलाफ फर्जी डिग्री जारी करने और पैसे लेने के बाद डी फार्मा कोर्स नहीं कराए के मामले में केस दर्ज हुआ है। सुपेला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस ने बताया कि नितेश राजपूत (37 वर्ष) और उसके भाई राकेश ने डी फार्मा कोर्स के लिए फ्रेन्सिस से संपर्क किया। इस दौरान कोर्स और क्लास के एवज में उनसे 4.80 लाख रुपए लिए गए। सेमेस्टर के हिसाब से मार्कशीट भी जारी किए गए। नितेश को छत्रपति शाहूजी महाराज यूनिवर्सिटी कानपुर और राकेश को बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी झांसी यूपी की मार्कशीट दी गई। जब दोनों मार्कशीट का परीक्षण कराया गया, तो दोनों के फर्जी होने के पता चला। इसके बाद नितेश ने इस मामले को लेकर सुपेला थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर लिया है।

### 56 गांव के लोगों को होगा फायदा

# अहिवारा में खुला उप पंजीयक कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



जमीन की खरीदी-बिक्री के पंजीयन को लेकर अब अहिवारा क्षेत्र के ग्रामीणों को दुर्ग आने की जरुरत नहीं पड़ेगी। अहिवारा में ही यह सुविधा शुक्रवार को शुरू हो गई। उप पंजीयन कार्यालय के खुलने से आसपास के 56 गांव के लोगों को फायदा होगा। शुक्रवार को वित्त मंत्री ओपी चौधरी, मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा ने नवीन उप पंजीयक कार्यालय का शुभारंभ किया। अहिवारा के रैन बसेरा परिसर में यह कार्यालय खोला गया है। अहिवारा क्षेत्र के नगर पालिका परिषद के समस्त वार्ड तथा राजस्व निरीक्षक मंडल अहिवारा एवं मुरमुंदा के अंतर्गत आने वाले कुल 56 ग्रामों की रजिस्ट्रियां पूर्व में उप पंजीयक कार्यालय धमधा एवं भिलाई में होती थीं। अब नवीन उप पंजीयक कार्यालय अहिवारा में पंजीयन होगा।

चौधरी ने कहा कि रायपुर से राजनांदगांव को जोड़ कर इंटीग्रेटेड प्लान के साथ विकास किया जाएगा। मेट्रो रेलवे लाइन का सर्वे हो चुका है। उन्होंने बताया कि जमीन की रजिस्ट्री कार्य में आमूलचूल परिवर्तन कर नई पद्धति लागू की गई है। इसके लिए एक्ट में परिवर्तन किया गया है। वर्तमान में सुगम ऐप के माध्यम से रजिस्ट्री कार्य क्रेता-विक्रेता दोनों के मौजूदगी में किया जा रहा है। ई-स्टाम्प, पेपरलेस प्रक्रिया, स्वतः पंजीयन का प्रावधान से नामांतरण हो रहा है। उन्होंने अहिवारा में आदर्श पंजीयन कार्यालय एक वर्ष में तैयार करने का भरोसा दिलाया। गजेंद्र यादव ने रजिस्ट्री की पुरानी पद्धति और नई पद्धति से अवगत कराते हुए इस पद्धति का पूरा श्रेय वित्त मंत्री को दिया। सांसद विजय बघेल ने अहिवारा को उप पंजीयक कार्यालय की सौगात के लिये वित्त मंत्री का आभार माना। कोर्सेवाड़ा ने केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग की। इस अवसर पर जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जितेन्द्र साहू, पालिका के अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा, अशोक बाफना, लाभचंद बाफना, नटवर लाल ताम्रकार सहित अन्य मौजूद थे।




# दिवाली की तैयारी : इंदिरा मार्केट के आउटर में इस बार फ्री पार्किंग, चारपहिया और ई-रिक्शा के प्रवेश पर रहेगी रोक

## नगर निगम दुर्ग ने चेंबर ऑफ कामर्स, पुलिस और जिला प्रशासन के अफसरों के साथ बैठक कर लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

त्योहारी सीजन में बाजारों में बढ़ने वाली भीड़ और यातायात जाम की समस्या से निपटने नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने मिलकर व्यापक रणनीति तैयार की है। नगर निगम कार्यालय में आयोजित संयुक्त बैठक में निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल, एडिशनल एसपी सुखनंद राठौर और एडीएम अभिषेक अग्रवाल सहित छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी, बाजार अधिकारी एवं नगर निगम अमला मौजूद रहा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि इंदिरा मार्केट, सर्राफा मार्केट, फरिश्ता कॉम्प्लेक्स और मध्यानी चौक जैसे भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष यातायात व्यवस्था बनाई जाएगी। नागरिकों की सुविधा के लिए रूट डायवर्जन लागू होगा तथा जाम की स्थिति रोकने बैरिकेड्स लगाए जाएंगे। इंदिरा मार्केट और सर्राफा क्षेत्र में भीड़ को नियंत्रित करने पुलिस और निगम संयुक्त टीम तैनात की जाएगी।मध्यानी चौक और फरिश्ता कॉम्प्लेक्स चौराहे पर चार पहिया वाहनों और ई-रिक्शा के प्रवेश पर रोक रहेगी। अंडरस्टैंडिंग रूट सिस्टम के तहत नए वैकल्पिक रास्ते तय किए गए हैं, जिससे खरीदारों को आवागमन में असुविधा न हो। पैदल मार्ग को प्राथमिकता दी जाएगी।

### बाजार के आउटर में 6 से ज्यादा जगहों पर निशुल्क पार्किंग

त्योहारी सीजन में आम नागरिकों को अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर खड़ा करने की अपील की गई है। निगम द्वारा इन स्थानों पर निशुल्क पार्किंग की व्यवस्था की गई है, जिसमें गणेश मंदिर वाली सड़क, आयुर्वेदिक अस्पताल परिसर, शनिचरी बाजार की पानी टंकी के नीचे, पुलिस ग्राउंड, महात्मा गांधी स्कूल, कस्तूरबा बाल मंदिर परिसर, गुजराती धर्मशाला, सिकोलाभाटा क्षेत्र, मरच्यूरी क्षेत्र व्यवस्था की गई है। निगम ने नागरिकों से आग्रह किया कि बाजार में चार पहिया वाहन लेकर प्रवेश न करें और तय पार्किंग स्थलों का ही उपयोग करें।



### सुरक्षा पर रहेगा विशेष ध्यान व्यापारियों को दिशा-निर्देश

बैठक में व्यापारियों को अपने दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को अद्यतन व दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसी भी संदिग्ध या असामाजिक तत्व पर तत्काल निगरानी रखी जा सके। प्रशासन ने सभी व्यापारियों से आग्रह किया कि वे अपनी दुकानों के आसपास स्वच्छता बनाए रखें और यातायात व्यवस्था में सहयोग दें। बैठक में बाजार विभाग प्रभारी शेखर चंद्राकर, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर, बाजार अधिकारी अभय मिश्रा, शशिकांत यादव, ईश्वर वर्मा, चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी अनूप गटागट, शिव चंद्राकर, सुरेन्द्र चावला, बहादुर अली थारानी, मनोज अग्रवाल, मुरली सचदेव, संदीप जैन, सुदीप अग्रवाल, दिलीप मरोटी, आशीष निमजे, पारख जैन, और संजय खंडेलवाल उपस्थित रहे।

### इन समस्याओं का हो समाधान तो दिक्कत होगी कम

**इंदिरा मार्केट:** प्रवेश व निकासी का अलग-अलग मार्ग तय हो

समस्या: इंदिरा मार्केट में सामान्य दिनों में ही पैर रखने तक की जगह नहीं होती। त्योहारी सीजन में भीड़ कई गुना बढ़ जाती है, लेकिन पार्किंग की जगह बेहद सीमित हैं। नहीं के बराबर हैं।

**समाधान:** मरच्यूरी और बाल मंदिर के पास लगभग एक एकड़ भूमि में पार्किंग बनाई जा सकती है। पूरा मार्केट नो-ट्रैफिक व्हीकल जोन घोषित किया जाए और प्रवेश व निकासी तय की जाए।

**समस्वा:** दुर्ग के हटरी बाजार, गांधी चौक, सब्जी मार्केट, सराफा व मछली बाजार क्षेत्र में त्योहारी खरीदारी के दौरान ठेले और पसरा वाले पूरी सड़क घेर लेते हैं। ग्राहकों और वाहनों दोनों के लिए निकलना मुश्किल हो जाता है।

**समाधान:** इन क्षेत्रों के पसरा वालों और ठेले वालों को अस्थायी कर जोन में स्थान दिया जाए। फलों और सब्जियों के विक्रेताओं को अस्थाई रूप से दूसरी जगह शिफ्ट किया जाए। जेआरडी स्कूल मैदान में जगह उपलब्ध कराई जाए।

## खबर संक्षेप

### योग पर विशेष व्याख्यान आज



**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में सन्यासी स्वामी नरेन्द्र देव महाराज का व्याख्यान 11 अक्टूबर दोपहर 2 बजे से आयोजित है। योग गुरु स्वामी रामदेव के शिष्य और छत्तीसगढ़ पतंजलि संगठन, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के संयोजक स्वामी नरेंद्र देव का व्याख्यान डॉ हेडगेवार सदन में होगा। प्राचार्य पीएल बारले ने यह जानकारी दी।

### दौड़ेंगे हम, तैरेंगे वो मैराथन 12 को

**अंडा।** अंडा में 12 अक्टूबर को सुबह 7 बजे से लक्ष्य मैदान में एक प्रेरणादायक आयोजन 'दौड़ेंगे हम, तैरेंगे वो' का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम फ़्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी द्वारा आयोजित है, जिसमें ग्राम पंचायत अंडा, लक्ष्य मैदान अंडा एवं स्व. भारत लाल देशमुख स्मृति क्रीड़ा संस्थान का सहयोग रहेगा। मैराथन का उद्देश्य बच्चों के तैराकी सपनों को पंख देना और युवाओं में फिटनेस व खेल भावना को प्रोत्साहित करना।

### कृष्णा साहू बने उपाध्यक्ष

**बोरी।** ग्राम नवागांव पुरदा मे ग्रामीण साहू समाज की बैठक में कृष्णा साहू ने उपाध्यक्ष का चुनाव लड़ कर विजय प्राप्त की। चुनाव कराने के लिए परिक्षेत्रीय साहू संघ के अध्यक्ष डेरहा राम साहू पहुंचे थे। चुनाव प्रक्रिया समाज पार से हुई। जिसमे नवागांव में पांच पार में 10 लोगो को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष चयन किया गया। ग्रामीण साहू समाज मे अध्यक्ष पद के लिए रामेश्वर साहू को निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए चयन किया गया उपाध्यक्ष के लिए दो उम्मीदवार थे। कृष्णा साहू को 8 और विपक्ष को 2 वोट प्राप्त हुए। बता दे कि कृष्णा साहू इससे पहले भी ग्रामीण साहू समाज उपाध्यक्ष तथा परिक्षेत्रीय साहू संघ पुरदा के युवा संयोजक रह चुके हैं।

### निधन

### शांति देवी



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त कर्मी क्वा. 2 ए, सड़क 4 सेक्टर 1 निवासी शांति देवी 75 वर्ष का निधन शुक्रवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मनजीत सिंह, हरजीत सिंह, एचडीएफसी बैंक के मैनेजर गुरप्रीत कौर की मां थीं।

# खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने की राशन दुकानों और आंगनबाड़ी की जांच, अक्षय पात्र पहुंच चखा भोजन

## राशन दुकानों और आंगनबाड़ी केंद्रों से जुड़ी शिकायत के लिए 1800-233-3663 एवं 1967 नंबर किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा शुक्रवार को दुर्ग जिले के दौरे पर थे। उन्होंने राशन दुकानों और आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। वे अक्षय पात्र सेक्टर-6 भी गए, जहां उन्होंने तैयार किया जा रहा भोजन भी चखा। अधिकारियों ने बताया कि 200 स्कूलों के करीब 28 हजार बच्चों का भोजन यहां तैयार किया जाता है। शुक्रवार को संख्या कम होनी की वजह से करीब 19 हजार बच्चों का भोजन बनाया गया। उन्होंने अक्षय पात्र की व्यवस्था देख संतोष व्यक्त किया। इसके बाद उन्होंने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में व्यवस्था सुधार को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान सचिव राजीव जायसवाल, राजेन्द्र महिलांगे, खाद्य निज सचिव डॉ. सूरज दुबे उपस्थित थे। संदीप शर्मा ने अरिहंत महिला मंडल और कुथरेल दुर्ग ग्रामीण की राशन दुकानों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केन्द्र कुथरेल में दर्ज बच्चों की संख्या देखकर संतोष व्यक्त किया। राशन दुकान के आकस्मिक निरीक्षण में अरिहंत महिला मंडल राशन दुकान में आवश्यक सूचनाएं प्रदर्शित नहीं होने पर नाराज़गी जाहिर की और संबंधित दुकान को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी ने बताया कि दुर्ग जिले में संचालित 08 बाल विकास परियोजनाओं के 1550 आंगनबाड़ी केन्द्रों में खाद्य आयोग के काल सेंटर नम्बर का प्रदर्शन किया गया है। अध्यक्ष ने निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत बच्चों की संख्या और पोषण ट्रैकर में दर्ज आंकड़ों का मिलान किया जाए, ताकि वास्तविक उपस्थिति का आकलन हो सके। साथ ही उन्होंने बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर बल दिया। लंबित शिकायतों के शीघ्र और संतोषजनक समाधान के निर्देश भी दिए गए।



### दुकानों की व्यवस्था देख जताई नाराजगी

खाद्य विभाग की समीक्षा में संदीप शर्मा ने राशन दुकानों की स्थिति पर असंतोष जताया। उन्होंने खाद्य निरीक्षकों को नियमित मॉनिटरिंग करने और निरीक्षण पंजी में प्रविष्टि सुनिश्चित करने को कहा। इसके साथ ही निरीक्षण प्रतिवेदन को खाद्य अधिकारी को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। राज्य खाद्य आयोग के शिकायत कॉल सेंटर नंबर 1800-233-3663 एवं 1967 का सभी उचित मूल्य दुकानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, छात्रावास, मध्यान्ह भोजन संचालित शासकीय विद्यालयों मं प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही फोर्टीफाईड चावल के लाभ एवं उपयोग की जानकारी के व्यापक प्रचार प्रसार करने एवं जानकारी चस्पा करने, शासकीय उचित मूल्य दुकानों में एपीएल एवं बीपीएल हेतु भण्डारित चावल को पृथक-पृथक भण्डारित करने को कहा। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का निराकरण स्पष्ट एवं विस्तृत रूप से ऑनलाईन दर्ज करने के निर्देश दिए गए।

### शिवपारा की दुकान संचालक को नोटिस

भ्रमण के दौरान जिले के भिलाई सेक्टर 6 स्थित अक्षय पात्र फाउण्डेशन द्वारा मध्यान्ह भोजन बनाने का निरीक्षण किया गया एवं भोजन की गुणवत्ता का चख कर परीक्षण भी किया गया, इस संबंध में उक्त संस्था द्वारा भोजन निर्माण की प्रक्रिया, गुणवत्ता, स्वच्छता, वितरण व्यवस्था की प्रशंसा भी गई। इसके पश्चात दल द्वारा शासकीय उचित मूल्य दुकान शिवपारा का निरीक्षण किया गया, जिसमें आवश्यक जानकारियों का प्रदर्शन नहीं होने से नाराजगी व्यक्त की गई एवं संबंधित दुकान संचालन संस्था को नोटिस जारी करने निर्देशित किया गया। इसके बाद दुर्ग ग्रामीण अंतर्गत शासकीय उचित मूल्य दुकान कुथरेल का निरीक्षण किया गया एवं निगरानी समिति की जानकारी अद्यतन करने, एपीएल एवं बीपीएल खाद्यान्न का पृथक-पृथक भण्डारण करने, पात्रतानुसार हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण करने के संबंध निर्देशित किया गया।

## सेवानिवृत्त पर पुलिस अधिकारी कर्मचारियों की ससम्मान विदाई



**भिलाई।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा सेवानिवृत अधिकारियों-कर्मचारियों का गया सम्मान सहित विदाई दी। सेवानिवृत्त होने वालों में 02 सहायक उप निरीक्षक, 3 प्रधान आरक्षक एवं 1 आरक्षक शामिल हैं। पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए 1-सहायक उपनिरीक्षक रामचंद कंवर, 2-सहायक उप निरीक्षक बसंत राम भोई, 3-प्रधान आरक्षक क्रमांक 1297 रमन लाल, 4-प्रधान आरक्षक 1028 हरख राम, 5-प्रधान आरक्षक 811 सेमसन मसीह एवं 6-आरक्षक 273 प्रमोद कुमार शर्मा का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, दुर्ग विजय अग्रवाल, द्वारा सेवानिवृत्त, हुए सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों का पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। पश्चात सेवानिवृत्त हो रहे सभी अधिकारी/कर्मचारियों ने लगभग 35 से 40 वर्ष के सेवा के अपने अनुभव का साझा किये। उक्त कार्यक्रम के दौरान अभिषेक झा, चन्द्र प्रकाश तिवारी, विनोद मिन्ज, नीलकंठ वर्मा, गोकुल राम देवांगन, बृजमोहन सिंह राजपूत सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## दिवंगत पत्रकार के बच्चों की स्कूल फीस जमा कराई

**भिलाई।** हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह ने फिर एक बार अपने किए गए वायदे को निभाया है। उन्होंने बीते 5 अक्टूबर को शहर के दिवंगत पत्रकार संतोष यादव के अंतिम संस्कार के बाद आयोजित शोकसभा में उनके दोनों बच्चों के स्कूल फीस जमा कराने की घोषणा की थी। उन्होंने यूथ सिख सेवा समिति के माध्यम से संतोष यादव की पुत्री अदिति और पुत्र आदित्य के स्कूल फीस 40 हजार 600 रुपए का चेक जारी कर दिया। उल्लेखनीय है कि विगत 3 अक्टूबर को भिलाई-3 के बजरंग पारा निवासी वरिष्ठ पत्रकार संतोष यादव का 51 वर्ष की उम्र में हृदयाघात से निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 5 अक्टूबर को उमदा रोड मुक्तिधाम में किया गया। इसके लिए दिवंगत पत्रकार संतोष यादव के परिवारजन सहित मनीष बंछोर, खिलावन सिंह चौहान, उमेश बघेल आदि ने यूथ सिख सेवा समिति के ने मलकीत सिंह लल्लू सहित अन्य सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है।

## बिजनेस साइट

### कोसा व कॉटन हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी का किया आयोजन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग के सौजन्य से रजत जयंती के अवसर पर कोसा एवं कॉटन ऑफ छत्तीसगढ़ हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी सह विक्रय का आयोजन 6 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक अग्रसेन भवन स्टेशन रोड दुर्ग द्वारा अलका बाघमार महापौर नगर पालिक निगम दुर्ग, सुरेन्द्र कौशिक अध्यक्ष जिला भाजपा दुर्ग, विनोद अरोरा महामंत्री जिला भाजपा दुर्ग, कमललाल देवांगन पूर्व अध्यक्ष छग राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन रायपुर एवं दुर्ग जिले के बुनकरो के आतिथ्य में 6 अक्टूबर को शाम 5 बजे शुभारंभ किया गया। हाथकरघा वस्त्र प्रदर्शनी में छग राज्य के जांजगीर-चांपा, शक्ति, चन्द्रपुर, बलौदाबाजार-बिलाईगढ़, रायगढ़, खैरागढ़ एवं दुर्ग आदि जिलों की 25 बुनकर संस्थाओं द्वारा भाग लिया जाकर भारत सरकार के सिल्क बोर्ड से प्रमाणित पुरस्कृत बुनकरो एवं फैब इंडिया के वस्त्र निर्माता बुनकर कारीगरो द्वारा विभिन्न आधुनिक डिजाईनों के उपभोक्ताओं के मांग अनुसार कलात्मक स्वदेशी वस्त्र स्वास्थ्य के लिए अनुकूल कोसा शर्टिंग, कोसा साड़ियों, साल, दुपट्टा, जाकेट ड्रेस मटेरियल एवं कॉटन बेडशीट, पीलो कव्हर, टावेल, गमछा आदि वस्त्रो एवं छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास निगम के शबरी एम्पोरियम द्वारा बस्तर के शिल्पियो द्वारा बेल मेटल, आयरन काफ्ट, उडन काफ्ट का प्रदर्शन सह विक्रय 20 प्रतिशत विशेष छूट पर किया जा रहा है।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**भिलाई।** शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी भिलाई के मेन्टल हेल्थ विभाग द्वारा 'अगली नेता क्रियाओं के व्यक्तित्व विकास' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 के उपलक्ष्य में आयोजित की गई जिसका मुख्य उद्देश्य था सेवाओं तक पहुंच आपदाओं और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ जो ज्ञान और जागरुकता के प्रसार का प्रतीक रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईपी मिश्रा चेयरमैन एवं डॉ जया अध्यक्ष श्री गंगाजली ऐजुशन सोसायटी के मार्गदर्शन में हुई जिनके निरंतर सहयोग और दूरदर्शी नेतृत्व ने इस आयोजन की प्रेरणा प्रदान की। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ सिंधु अनिल मेनन नर्सिंग डॉयरेक्टर डॉ. शैलजा अनिक प्राचार्या एवं प्रोफेसर विनिता सत्य कुमार उपप्राचार्या की उपस्थिति में हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. घोरमोडे एमडी साइक्यिाट्री एसएसआईएमएस एवं जैकब कुरियन पूर्व महाप्रबंधक भिलाई इस्पात संयंत्र रहे, जिन्होने मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक तैयारी के महत्व पर अपने विचार साझा किए। श्री कुरियन ने छात्रों के साथ एक इंटरएक्टिव सत्र भी लिया, जिन्होने आत्मविश्वास, संवाद कौशल एवं आत्म विकास पर बल दिया। कार्यक्रम मे थी मैटिक माइम प्रस्तुति संगीत श्रद्धांजलि और दर्शकों की सहभागिता से सत्र को और भी रोचक बनाया गया। कार्यक्रम में पोस्टर प्रतियोगिता भी रखी गई जिसमें विद्यार्थियों की खासी सहभागिता रही, जिसमें से प्रथम पुरस्कार एकता साहू, द्वितीय रोहिनी पटेल एवं तृतीय पुरस्कार रोशनी निर्मलकर को दिया गया।

## बीएम कॉलेज में हुआ एचआईवी एड्स पर जागरुकता कार्यक्रम



**भिलाई।** बी. एम. कॉलेज, कोलिहापुरी, पुलगांव, दुर्ग में एचआईवी एड्स पर जागरुकता प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छग श्री युवा संकल्प समिति दुर्ग एवं जिला अस्पताल दुर्ग के एचआईवी एड्स जागरुकता विभाग के संयोजक वी जीवन एवं हसन खान उपस्थित रहे। कार्यशाला का प्रारम्भ महाविद्यालय डायरेक्टर बी साव, एमएल साव, प्राचार्य एवं मुख्य वक्ता वी. जीवन एवं हसन खान के द्वारा माँ सरस्वती के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। महाविद्यालय परिवार कि ओर से नाको का प्रतीक चिन्ह रेड रिब्बन और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। महाविद्यालय डायरेक्टर बी. साव ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर मानसिक रूप से सशक्त कैसे रहें पर जोर देते हुए कहा कि शारीरिक गतिविधियों के साथ किसी भी कार्य को करने के लिए सकारात्मक सोच के साथ मानसिक रूप से मजबूत बनाया जा सकता है। मुख्य वक्ता हसन खान ने एचआईवी एड्स विषय पर चर्चा करते हुये बताया कि मुख्य रूप से इस बीमारी के होने के चार कारण है जिसमें असुरक्षित यौन सम्बन्ध, संक्रमित सुई, संक्रमित रक्त एवं संक्रमित रक्त से होने वाले शिशु। इसके बाद उन्होंने बताया कि एचआईवी/एड्स के लक्षण संक्रमण के चरण पर निर्भर करते हैं। शुरुआती एचआईवी संक्रमण (एक्यूट एचआईवी) में बुखार, थकान, सूजी हुई ग्रंथियां, मांसपेशियों में दर्द, खरोंच, गले में खराश और दस्त जैसे फ्लू-जैसे लक्षण हो सकते हैं।

## 20 छात्राओं को मिली साइकिल, घंटी बजाकर विधायक ललित चंद्राकर का किया अभिवादन



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने रुदा (खाड़ा) में शासकीय हाई स्कूल की छात्राओं को सरस्वती सायकिल योजना के तहत सायकिल का वितरण किया। छात्राओं ने सायकिल की घंटी बजाकर विधायक ललित चंद्राकर का अभिवादन किया। छात्राओं को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई गई और साइकिल वितरण किया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने बताया छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत कक्षा 9 वीं में प्रवेश लेने वाली उन सभी छात्राओं को निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना के अंतर्गत निःशुल्क सायकल प्रदान किया जाता है, जो अनुसूचित जाति एवं जन जाति वर्ग की बालिकाएं होती है। इसके सांथ सांथ गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले छात्राओं को भी इस योजना के तहत निःशुल्क सायकल प्रदान किया जाता है । उन्होंने बताया कि सरकार गरीब बेटियों को कॉलेज की पढ़ाई के लिए अब 30000 तक की आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष लिकेश्वर देशमुख, महामंत्री पुराण देशमुख,सरपंच नंदकुमार साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष ताम्रध्वज साहू, प्राचार्य जे.आर.साहू, उत्तम देशमुख, नरेन्द्र देशमुख, पुनाराम देशमुख शिक्षक व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### विकास कार्य के लिए 2 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद विजय बघेल द्वारा अनुशंसित उक्त कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाटन जिला दुर्ग द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पाटन अंतर्गत घसिया ठाकुर घर के बाजु में सामुदायिक केंद्र, कम्युनिटी हॉल, छतयुक्त चबूतरा निर्माण हेतु 2 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### श्रम इन जॉब अंतर्गत जॉब फेयर का आयोजन 16 को

**दुर्ग।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जीई रोड पावरहाउस भिलाई में 16 अक्टूबर को कंपनी, उद्योग द्वारा श्रम इन जॉब जॉब लोकेशन छत्तीसगढ़ अंतर्गत विद्युत, फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट व्यवसायों के अभ्यर्थियों के लिये जॉब फेयर का आयोजन किया गया है। संस्था के प्राचार्य से मिली जानकारी अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी 10वीं, 12वीं, आईटीआई से प्राप्त मार्कशीट, सर्टिफिकेट एवं रिज्यूम के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

जगजीवन आयुर्वेद
धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.
आज ही गारंटी से इलाज कराएँ.
पुलगाँव चौक, महालक्ष्मी मार्केट शॉप नं.C11 दुर्ग, मो. 7869433660, 9399486858

**॥ न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.) ॥**

रा.प्र.क्र.:-202510100800016/अ-74/वर्ष 2025-2026

ग्राम बिरझापुर / प.ह.नं. 14.

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक फूलचंद पिता रोमलाल जाति तेली निवासी मोती पारा दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है. कि ग्राम बिरझापुर प.ह.नं. 14. रा.नि.मं. व तहसील धमधा, जिला-दुर्ग में स्थित खसरा नं. 1135/5 रकबा 0.03 हे. लगान 0.15 रू. की भूमि वर्तमान राजस्व अभिलेख में (आवेदक) फूलचंद पिता रोमलाल के नाम पर दर्ज है, उक्त वादभूमि का मूल ऋण पुस्तिका गुम हो गया है जिसका द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र के साथ खाते की नकल बी-1, खसरा, शपथ पत्र, नोड्यूज प्रमाण पत्र, गुम होने की रिपोर्ट एवं चालान की प्रति तथा आधार कार्ड की छायाप्रति पेश किया गया है। तत्संबंध मे प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था / समिति को कोई दावा /आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 29/10/2025 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/10/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

आगामी पेशी दिनांक 29/10/2025

जारी दिनांक 09/10/2025

तहसीलदार
धमधा

**न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.-202510102700005/अ-21(2)/2025-26 एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है आवेदक गजानंद पिता स्व. लक्ष्मण, वर्तमान निवासी वार्ड नंबर 27, पाटनकर कालोनी, पोलससाय पारा, दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा ग्राम करेली, प.ह.नं. 07, रा.नि.मं. व तहसील बोरी स्थित आवेदक के हक एवं आधिपत्य की शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि खसरा नंबर 65 रकबा 2.050 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में गजानंद पिता स्व. लक्ष्मण, जाति कोष्टा, निवासी- वार्ड नंबर 27, पाटनकर कालोनी, पोलसायपारा, तहसील व जिला दुर्ग के नाम पर दर्ज है। आवेदक को आवासीय प्लाट क्रय करने हेतु रकम की आवश्यकता होने के कारण प्रेमकुमार देवांगन पिता श्री जय राम देवांगन, निवासी इंदिरा चौक, शंकर नगर, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) से 13,00,000/- अक्षरी तेरह लाख रूपये प्रति एकड़ के दर से उक्त भूमि का सौदा कर बतौर बयाना राशि 10,00,000/- अक्षरी दस लाख रूपये सी.आई.सी.आई. बैक, शाखा भिलाई, जिला-दुर्ग चेक नंबर-000288 उपं 2,50,000/- अक्षरी दो लाख पच्चास हजार रूपये सी.आई.सी.आई. बैकं, शाखा भिलाई, जिला-दुर्ग चेक नंबर-000290 एवं चेक नंबर-000288 उपं 2,50,000/- अक्षरी दो लाख पच्चास हजार रूपये सी.आई.सी. आई. बैक, शाखा भिलाई, जिला-दुर्ग चेक नंबर-000291 से राशि प्राप्त किया है। शेष राशि 56,62,500/-रूपये अक्षरी छप्पन लाख बैसठ हजार पांच सौ रूपये विक्रय पंजीयन के समय भुगतान करने का इकरार, दिनांक 26.07.2025 को आवेदक एवं क्रेता के मध्य निष्पादित किया गया है। उपरोक्त भूमि खसरा नंबर 65 रकबा 2.05 हे. में विक्रय हेतु अनुमति प्रदाय किये जाने न्यायालय श्रीमान कलेक्टर महोदय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है, जोकि जांच हेतु कार्या. कलेक्टर के ज्ञापन क्रमांक/145/प्र./ कार्या. कले./2025 दिनांक 06/08/2025 एवं न्याया. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) / 1229 / वाचक/2025 धमधा दिनांक 02/09/2025 के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है, जोकि आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतः आवेदक के नाम पर दर्ज उक्त भूमि का विक्रय अनुमति प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि 24.10.2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बोरी

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH




## 15 वर्षों से आपकी सेवा में






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"

ऑफिस आने पर मात्र ₹101/- फोन से परामर्श केवल ₹251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान



पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

पोलसाय पारा चौक के पास, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +919755964567

## खबर संक्षेप

### अखिल भारतीय महापौर परिषद के नीरज पाल हुए सचिव नियुक्त

**भिलाई ।** नगर निगम के महापौर नीरज पाल को अखिल भारतीय महापौर परिषद के सचिव नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति मनोज गुप्ता ने अखिल भारतीय महापौर परिषद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष



चेयरमेन रेणु बाला गुप्ता की कार्यकुशलता एवं दक्षता को देखते सचिव पद पर मनोनित किया गया है। यह मनोनयन उनके समर्पण, नेतृत्व क्षमता तथा नगरीय शासन क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए मनोनित किया गया है। उनकी इस नियुक्ति पर पूर्व ओएसडी मनीष बंछोर ने कहा कि छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सशक्त हस्ताक्षर, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मजबूत सिपाही , हम सबके लाडले , इस्पात नगरी भिलाई के फौलादी लेकिन कोमल मन महापौर , भिलाई को छत्तीसगढ़ के मानचित्र में अलग ही पहचान दिलवाने वाले भाई नीरज पाल को ऑल इंडिया कौंसिल ऑफ मेयर संगठन के राष्ट्रीय सचिव बनाएं जाने पर बहुत बहुत बधाई अशेष शुभकामनाएं। माँ महामाया आपको उत्तरोतर उन्नति पथ पर अग्रसर करे।

### ईडी राकेश ने कॉन्ट्रैक्ट निर्माण पर किया संवाद



**भिलाई।** सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास केंद्र में राकेश कुमार द्वारा बीएसपी के 600 वरिष्ठ प्रबंधकों के साथ रणनीतिक संवाद सत्र आयोजित किया गया। राकेश कुमार ने कॉन्ट्रैक्ट ऑप्टिमाइजेशन, मैनपॉवर रिडक्शन तथा संसाधन उपयोग की अधिकतम दक्षता पर बल दिया । सत्रों का समापन सामूहिक स्वामित्व, निरंतर निगरानी और सक्रिय सहभागिता के आह्वान के साथ हुआ । कार्यक्रम का संचालन मुकुल सहारिया तथा धन्यवाद ज्ञापन उप महाप्रबंधक यशवंत सिंह जौहरी ने किया।

### भिलाई अध्यक्ष के लिए युवाओं को मिले नेतृत्व



**भिलाई।** वार्ड-7 राधिका नगर के पार्षद एवं भिलाई नगर निगम एमआईसी के सदस्य आदित्य सिंह ने जिला अध्यक्ष चुनाव समिति के पर्यवेक्षक उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक अजय कुमार लल्लू से मिलकर भिलाई शहर कांग्रेस अध्यक्ष के लिए मौका दिए जाने को लेकर गंभीर चर्चा की एवं सुझाव भी दिए,अजय कुमार लल्लू ने कहा कि बिल्कुल वो इस बार के चयनित पैनल में युवा नेतृत्व का नाम भी शामिल कर के भेजेंगे,आने वाले समय में राहुल गांधी जी जिला अध्यक्षों की दौड़ में शामिल करने को लेकर प्राथमिकता के भी निर्देश दिए है। आदित्य सिंह ने कहा कि भिलाई ने युवा नेतृत्व को हमेशा स्वीकार किया है इसका बेहतर उदाहरण है कि भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव लगातार दो बार विधायक चुने गए और महापौर चुनाव जीत कर युवाओं के मन में राजनीति को लेकर अच्छी सोच को आगे किया।

# इंसानों की तरह मूक वन्य प्राणियों को भी है जीने का अधिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

कांक्रीट के बढ़ते जंगलों की चपेट में आते जा रहे प्राकृतिक अरण्यों के चलते मूक वन्य प्राणियों और उनका रहवास धीरे धीरे सिमटता जा रहा है। खूबसूरत परिंदों और आकर्षक जानवरों को बचाने के लिए जन जागरुकता के साथ सख्त कानूनों के साथ इनके सख्ती से पालन की भी जरुरत है। वन्य जीवों को भी जीने का उतना ही अधिकार है जितना कि इंसानों को है। यदि बेजुबां पक्षी और जानवर नहीं रहेंगे तो पर्यावरण असंतुलन के साथ परिस्थिकीय विकास की भी कल्पना नहीं की जा सकती।

अलग खबर

## उद्यानिकी विभाग के भाषण प्रतियोगिता में दिखी बच्चों की प्रतिभा व संवेदना



### विजेता बच्चों को मिलेंगे पुरस्कार

अधिकतर प्रतिभागी विद्यार्थियों ने जंगलों के साथ वन्य पशु पक्षियों की निरंतर कम होती प्रजातियों व संख्या पर चिंता जताते हुए इनके संरक्षण पर गभीरता से ध्यान दिए जाने पर जोर दिया। अपने भाषणों में प्रतिभागियों ने कहा कि वन्य प्राणियों के संरक्षण के लिए सरकार ने कई कानून बनाए हैं, इनका पालन भी हो रहा है। लेकिन यह भी सच्चाई है कि अंध विकास की कीमत परिंदों व जानवरों को सबसे ज्यादा चुकानी पड़ रही है। जंगलों के कम होने व तस्करों के आतंक से वन्य प्राणियो का संख्या कम होती जा रही है। वन्य प्राणियों की रक्षा व संरक्षण के लिए सामूहिक जागरुकता की जरुरत है। कार्यक्रम में मैत्रीबाग प्रभारी व जीएम डां. एनके जैन व स्कूल के प्रचार्य सहित पालक व शिक्षक उपस्थित थे। विजेता बच्चों को वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह पर 12 अक्टूबर को मैत्रीबाग में मुख्य अतिथि बीएसपी के ईडी पवन कुमार पुरस्कृत करेंगे।

वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह पर बच्चों की कुछ इसी तरह चिंता और अपील थी। मैत्रीबाग उद्यानिकी विभाग द्वारा आयोजित भाषण प्रतियोगिता में बीएसपी और नान बीएसपी स्कूलों के बच्चों के लिए बीएसपी सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर 7 में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रायमरी मिडिल स्कूलों के 3 सौ व हायर सेकंडरी स्कूलों के 2 सौ छात्र छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बच्चों का उत्साह और वन्य प्राणियों के प्रति संवेदना देखते ही बनती थी। प्रतियोगिता के लिए बच्चों की तैयारी, वक्तृत्व शैली और वन्य जीवों के प्रति प्रेम देख शिक्षक और पालक ही नहीं बल्कि निर्णायक भी खासे प्रभावित हुए।

### टाउनशिप व बीएसपी में व्याप्त समस्याओं का नहीं हो रहा निदान

# बीएसपी में मान्यता यूनियन नहीं होने की कीमत चुका रहे हजारों कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में अब तक मान्यता यूनियन नहीं होने की कीमत हजारों कर्मचारियों को चुकानी पड़ रही है। टाउनशिप और प्लांट दोनों में व्याप्त कई समस्याओं का निदान नहीं होने से कर्मियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रबंधन से विभिन्न यूनियनों की चर्चा और आश्वासन हवा हवाई साबित हो रहा है। यूनियनों ने प्रबंधन से जल्द चुनाव करवाने की मांग की है । उल्लेखनीय है कि बीएसपी में आईडी एक्ट के तहत हर दो साल में मान्यता यूनियन का चुनाव होता है। सर्वाधिक सदस्यता साबित करने वाली यूनियन कर्मचारी व प्लांट के हितों को लेकर चर्चा करने के लिए अधिकृत होती है। लोकतांत्रिक जनाधार के चलते प्रबंधन मान्यता यूनियन की बात को गंभीरता से सुनता है और समस्याओं का समाधान भी करते है। लेकिन पिछले एक साल से यहां कोई यूनियन मान्यता में नहीं होने से टाउनशिप और प्लांट स्तर के अलावा वर्कर्स की कई समस्याएं काई की तरह जमी हुई हैं। इसकी वजह अब तक मान्यता यूनियन का चुनाव नही हुआ है । पिछली मान्यता यूनियन भिलाई इस्पात मजदूर संघ (बीएमएस ) का कार्यकाल एक साल पूर्व 24 सितंबर को समाप्त हो चुका है। इस दौरान सभी यूनियनें वर्कर्स की मांगों या समस्याओं को लेकर आए दिन प्रबंधन से मिलकर चर्चा तो करती हैं लेकिन आश्वासन के बाद भी अधिकतर का जमीनी निदान नही हो पा रहा है। बीएसीपी में एनजेसीएस व नान एनजेसीएस मिलाकर 12 श्रमिक संगठन हैं। लेकिन लंबित समस्याओं के निदान के लिए कोई भी यूनियन प्रबंधन पर दबाव नहीं बना पा रही है। इसका खामियाजा वर्कर्स को भुगतना पड़ रहा है।

## दर्जनभर हैं यूनियन, लेकिन चर्चा और आश्वासन तक सिमटीं

### टाउनशिप व प्लांट की समस्याएं बढ़ीं

पिछले एक साल के दौरान बीएसपी और टाउनशिप में कई समस्याएं निदान के लिए बाट जोह रही हैं। कर्मियों ने बताया कि टाउनशिप में बुनियादी सुविधाएं बदहाल हैं जिसके चलते रहवासी कर्मियों व परिवार को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जर्जर आवास, सफाई, सड़क, नाली,आवारा मवेशी आवारा कुत्तों का जमावड़ा, आए दिन बिजली गुल होना, पेयजल किल्लत आदि कई समस्याएं व्याप्त हैं। वहीं प्लांट में कैंटीन, जर्जर सड़कें, कैंटीन, रेस्टरुम, बारिश में जलजमाव, बोरिया गेट में ट्रैफिक, मैन पावर कम होने से वर्कर्स पर वर्कलोड,प्रमोशन विसंगति, बायोमेट्रिक में ठीक से उपस्थिति दर्ज नहीं होने, जेएलएन अस्पताल व हेल्थ सेंटरों में डाक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ व दवाइयों की किल्लत आदि कई तरह की समस्याओं से कर्मी व परिजन जूझ रहे हैं।

अलग खबर




### बेअसर साबित हो रहीं दर्जनभर यूनियनें

बीएसपी में दर्जनभर यूनियनों की मौजूदगी है। अधिकतर यूनियनें आए दिन विभाग प्रमुख से मिलकर समस्याओं के निदान की मांग व आश्वासन मिलने की विज्ञप्ति जारी करती हैं। हफ्ते पंद्रह दिन बाद फिर इन्हीं समस्याओं का उल्लेख होता है। कर्मियों ने बताया कि मान्यता यूनियन नहीं होने के कारण प्रबंधन किसी भी यूनियन को महत्व नहीं दे रहा है। केंद्रीय यूनियनों के मुताबिक जब तक सेल प्रबंधन लंबित अपूर्ण वेतन समझौता पूर्ण नहीं करेगा, यूनियन चुनाव बेमानी है। प्रबंधन चुनाव के नाम पर यूनियनों की एकता को तोड़ना चाहता है। सीटू के महासचिव जगन्नाथ त्रिवेदी ने बताया कि 1017 से वर्कर्स को वेतन समझौता अपूर्ण है, बोनस भी एकतफा निर्णय लिया गया। पहले वेज रिवीजन हो फिर चुनाव हो। एटक के महासचिव विनोद कुमार सोनी ने बताया कि टाउनशिप व प्लांट में व्याप्त समस्याओं का निदान प्रबंधन नहीं कर रहा है। फिर चुनाव के नाम पर हमारी एकता को खंडित करना चाहता है।

# डीपीआई ने शैक्षणिक व्यवस्था की समीक्षा की



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

संचालक लोक शिक्षण संचालनालय छः़ग द्वारा जिला शिक्षा अधिकारीयों के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित प्रदत्त निर्देश के परिपालन में शुक्रवार को जिले के समस्त की बैठक आहूत की गई।

बैठक में संचालक द्वारा दिए गए निर्देशानुसार गुणवत्ता, परख, अपार आईडी एवं यूडाईस प्रविष्टी के संबंध में विस्तर से समीक्षा की गई। जिले के द्वारा शिक्षा गुणवत्ता हेतु तैयार की गई कार्ययोजना को साझा करते प्रत्येक बिन्दु पर विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी प्राचार्यों ने कार्ययोजना अनुसार कर परीक्षा परिणाम को बेहतर करने का आश्वासन दिया गया। बैठक में यह भी दिए गए कि शिक्षा गुणवक्ता के परिप्रेक्ष्य में किसी भी प्राचार्य एवं शिक्षक की अनियमितता कतई बर्दाशत नहीं की जाएगी। गुणवत्ता सुधार एवं बेहतर परिणाम के जिले से विभिन्न मानिटरिंग दल का गठन कर नियमित प्रभावी मानिटरिंग की की गई है।

- वीडियो क्रॉन्फ्रेंसिंग में डीईओ सहित गठित अमला रहा

# पेयजल समस्या को लेकर रिसाली निगम में प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

आम आदमी पार्टी ने पेयजल समस्या को लेकर रिसाली निगम का घेराव किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की। निगम आयुक्त को ज्ञापन देकर समस्या को रखा। जिस पर आयुक्त मोनिका वर्मा ने आश्वासन दिया कि समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा। महापौर शशि सिंहा ने भरोसा दिलाया कि वार्ड-15 में दो नए टैंकर शीघ्र लगाए जाएंगे। क्षेत्र में बोरवेल की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। , टैंकर से आने वाले पानी की गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी।

### मूलभूत समस्या नहीं मिल पा रही लोगों को

सचिव देविंदर सिंह भाटिया ने कहा कि निगम रिसाली का कार्यकाल 80 प्रतिशत बीत गया और सिर्फ 1 वर्ष शेष है। जनता की मूलभूत समस्या के लिए कोई विज़न नही है। नगर सरकार वार्ड में पेय जल आपूर्ति करवाने में विफल हो गई है । प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब से बीजेपी की सरकार ने "हर घर जल" जैसी बड़ी योजनाओं के नाम पर जनता को सिर्फ़ सपने दिखाए हैं। आज भी रिसाली के कई वार्डों में नल सूखे पड़े हैं। महिलाओं ने बताया कि टैंकर से मिलने वाला पानी बेहद गंदा आता है। उसमें कीड़े-मकोड़े, केंचुए और पत्थर तक मिलते हैं।इसी गंदे पानी के चलते पीलिया, डायरिया और त्वचा रोग जैसी गंभीर बीमारियां वार्डों में फैल रही हैं।महिलाओं ने कहा कि सरकार ने जल मीटर तो लगा दिए हैं, जो अब खराब हो चुके हैं, लेकिन फिर भी वसूली जारी है।इस मौके पर गीतेश्वरी बघेल , ज्ञान प्रकाश तिवारी, रवि साहू, दिवाकर सिंह गायकवाड सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पांचों जोन के उद्यानों को संवार रहा निगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नपा निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित सेक्टर 10 ममता उद्यान, सेक्टर-5 ट्रैफिक पार्क, सेक्टर-2 तालाब उद्यान, करतार सिंह उद्यान, हुड़को स्थित सुभाष उद्यान, एम आई जी अमृत उद्यान, सेक्टर-7 स्थित सड़क आठ नौ उद्यान, सेक्टर-7 तालाब उद्यान, अंडर ब्रिज उद्यान, प्रियदर्शनी परिसर सुभाष चंद्र बोस उद्यान, बाल उद्यान, नेहरू नगर भेलवा तालाब उद्यान, मिलेनियम पार्क, महाराणा प्रताप उद्यान, अशोक उद्यान, शिवाजी उद्यान, गांधी उद्यान, एवं अन्य उद्यानों में पेड़ो के बिखरे हुए डालियों एवं घॉस कटाई का कार्य किया जा रहा है। अधिक वर्षा होने के कारण पाथवे में काई जम गया है, जिसे ब्लीचिंग पाउडर डालकर साफ किया जा रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर नगर निगम भिलाई के पांचो जोन क्षेत्र के उद्यानों में नियमित एवं प्लेसमेंट के कर्मचारी लगाए गए है। उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू के नेतृत्व में प्रतिदिन उद्यान कर्मचारी साफ-सफाई एवं ग्रास कटिंग का कार्य कर रहे हैं। उद्यानों के भीतर रोपित पौधो में आवश्यकतानुसार पानी सिंचाई करते हुए खाद डाला जा रहा है, जिससे पौधो का गविकास जल्द हो सके। 40 उद्यानों में वुमन फॉर ट्री योजना अंतर्गत 12500 पौधों का रोपण महिला स्व सहायता समूह द्वारा किया गया है। पौधों का देखरेख भी महिला स्व सहायता समूह द्वारा किया जाएगा। इससे आगामी समय में शहर की हरियाली में वृद्धि होगी और प्रदूषण में कमी आएगी। पौधों को सामाजिक लोगों द्वारा नुकसान किया जा रहा है , ऐसे लोगों की निगरानी की जा रही है कार्रवाई होगी। खाली जगहों पर वृक्षारोपण किया जा रहा है। पेड़ों एवं पाथवे की पोताई कर उद्यानों को संवारा जा रहा है।

- भारी बारिश की वजह से उद्यानों में पनप गए हैं खपतवार

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जेएलएन चिकित्सालय में जनजागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के जेएलएन अस्पताल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य पर मनोरोग विभाग द्वारा ओपीडी कॉम्प्लेक्स में पोस्टर प्रदर्शनी एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्‌घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डां. विनीता द्विवेदी, द्वारा किया गया। सीएमओ डॉ कौशलेंद्र ठाकुर तथा उदय कुमार भी उपस्थित थे।

- पोस्टर प्रदर्शनी और नाटकों से दिया संदेश



इस वर्ष के विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की थीम "सेवाओं तक पहुंचःआपदाओं एवं आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य" पर चिकित्सालय के मनोचिकित्सक डॉ अमित नायक ने प्रकाश डाला। उन्होंने आपदाओं और संकट की परिस्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को रेखांकित किया। डा. द्विवेदी ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं में मानसिक संतुलन बनाए रखना बड़ी चुनौती बनती जा रही है। उन्होंने योग,ध्यान तथा रचनात्मक गतिविधियों को मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने के प्रभावी उपाय बताया। बीएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों ने आपदाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव को दर्शाने वाला नाटक व एमएससी नर्सिंग के विद्यार्थियों ने मादक द्रव्यों के सेवन एवं उसके दुष्परिणामों पर दृश्य प्रस्तुत किया।

बेहतर जीवन शैली का आह्वान

इस अवसर पर प्रदर्शनी एवं संवाद सत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को मानसिक स्वास्थ्य की विभिन्न अवस्थाओं, इसके कारण,लक्षण,रोकथाम,उपचार एवं पुनर्वास के पहलुओं से अवगत कराया गया।

मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाए रखने में संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली की भूमिका पर भी बल दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्रबंधक लता मिश्रा ने किया तथा मनोचिकित्सक डां. राहुल राजीव ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## पार्किग व्यवस्था के लिए आयुक्त पांडेय ने किया निरीक्षण

# फुटकर व्यापारियों को संजयनगर मैदान में करेंगे शिफ्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-5 अंतर्गत सेक्टर 10 ममता गार्डन, सड़क 5 क्रिकेट मैदान, जोन क्रमांक-01 अंतर्गत संजय नगर मैदान, सुपेला पानी टंकी सहित दक्षिण गंगोत्री सर्कस मैदान का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा निरीक्षण किया गया। फुटकर व्यापारियों को संजयनगर मैदान में अस्थाई रूप से शिफ्ट किया जाएगा।

निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे ने जोन क्रमांक 5 अंतर्गत वार्ड 64 सेक्टर 10 ममता उद्यान का निरीक्षण किये। उद्यान के घॉस कटिंग, पेवर ब्लाक की सफाई कराने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किए हैं। आयुक्त ने नहर का अवलोकन कर सफाई कराने जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे को निर्देशित किये हैं। कुछ लोग नासमझी करते हुए पूजा सामग्री का विसर्जन एवं कचरा नहर में फेंके हैं। इस तरह के कृत्य से नहर जाम हो गया है और बारिश का पानी ओवरफ्लो होकर स्ट्रीट और घरों में भरता है । इस तरह के कृत्य करने वाले सावधान रहें अन्यथा निगरानी करते हुए पेनाल्टी की कार्रवाई की जायेगी। समीपस्थ सड़क 05 क्रिकेट मैदान का निरीक्षण किया गया, पार्षद अभय सोनी द्वारा व्यवस्थित ग्राउंड एवं अन्य खेलों हेतु प्लान के संबंध में चर्चा की गई। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता प्रिया करसे, सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## त्योहारी सीजन में मार्केट व्यवस्थित करने में जुटा भिलाई निगम, पटाखा दुकान के लिए स्थल चयन



### पटाखा दुकान और फुटकर दुकान लगेगी संजयनगर में

निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत द्वारा वार्ड 6 संजय नगर मैदान का निरीक्षण किया गया। यहां पटाखा दुकान लगाया जाएगा, साथ ही पसरा लगाकर दुकान करने वाले यहां अस्थाई दुकान कर सकते हैं। आगामी त्यौहार को देखते हुए सुपेला घड़ी चौंक से गदा चौंक तक फुटपाथ पर फल ठेला एवं पसरा लगाने वालों को संजय नगर मैदान में अस्थायी शिफ्ट किया जाएगा। साथ ही खरीदी करने वाले आम नागरिको के वाहनो के पार्किग व्यवस्था किया जाएगा। सुपेला मार्केट में निर्माणाधीन पानी टंकी का अवलोकन किया गया। टंकी के समीप पुराने फर्नीचर का अवैध दुकान संचालित किया जा रहा था, जिसे मौके से हटवाया गया और 4000 रुपए का पेनाल्टी लगाया गया है। दक्षिण गंगोत्री सर्कस मैदान का अवलोकन किया गया, आकाशगंगा में मार्केटिंग हेतु वाहनो के पार्किग की व्यवस्था किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, सुनील जोशी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, कमलेश द्विवेदी एवं अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-9165 411411

हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 11 अक्टूबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129




लाइव इवेंट

## स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहित करने चेंबर ने चलाया जागरुकता अभियान



**भिलाई।** त्योहारी माहौल में भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने अपने जनजागरण अभियान आया त्योहार चलो बाजार की शुरुआत जेपी नगर स्थित आत्मा आनंद स्कूल और उच्चतर माध्यमिक शाला कैम्प 2 से किया। अभियान के अंतर्गत व्यापारियों को सशक्त कर शहर की अर्थव्यवस्था मजबूत बनाने और उपभोक्ताओं को स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिए यह आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को जागरूक करते हुए अजय भसीन ने इस त्यौहार में लोकल बाजारों से शॉपिंग और ऑनलाइन से तौबा करने की बातें कही। उन्होंने छात्रो के माता-पिता को लोकल बाजारों से खरीदी करने पर जोर दिया। भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने छात्रों को बताया कि त्यौहारों का असली आनंद तब है जब बाजारों में रौनक लौटे, दुकानों में मुस्कान हो और हर खरीदारी से अपने शहर की तरक्की जुड़ी हो। भिलाई चेम्बर के इस जनजागरण अभियान को स्कूल प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सराहा और छात्रों से अपील किया कि वे इस संदेश को अपने घरों और मोहल्लों तक पहुंचाएं। चेयरमैन दिनकर बसोतिया ने बताया कि यह अभियान लगातार 18 अक्टूबर तक जारी रहेगा। चेंबर सभी स्कूलों, कालेजो, कालोनियों में अपार्टमेंट में हर जगह जाकर परिवारों को जागरूक करेंगे की इस त्योहार लोकल बाजारों से स्वदेशी उत्पाद खरीदे। इस अवसर पर अजय भसीन, गार्गी शंकर मिश्रा, दिनकर बासोतिया, मनोहर कृष्णानी, पवन जिंदल, चिन्ना राव, शिवराज शर्मा, धनंजय सिंह, सुनील मिश्रा, शंकर सचदेव सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

■ स्थानीय बाजारों से खरीदारी का संदेश छात्रों तक पहुंचा

सिटी इवेंट

## महिला कबड्डी टीम करेगी उत्कृष्ट प्रदर्शन, बिलासपुर हुए रवाना



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के महिला कबड्डी टीम एआईयू द्वारा आयोजित पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए आयोजन स्थल डॉ.सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर में शामिल होने के लिए रवाना हो गई। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अरूण अरोरा ने महिला कबड्डी टीम को खेल भावना बनाने रखते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ विजयश्री की शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया। विश्वविद्यालय टीम में कामिनी, मनीषा, आर्ची तिवारी, हर्षा साहू, भार्गवी कश्यप, उपासना साहू, मिनाक्षी, पलक राठौर, सौम्या गिरीगोस्वामी, यामिनी, शिवानी कुमारी, यामिनी यादव, नयनतारा बारला , सुप्रिया देवनाथ खिलाड़ी के रूप में शामिल है सात ही विश्वविद्यालय टीम में मैनेजर के रूप में वरिष्ठ खेल अधिकारी सीएसआईटी दुर्ग एवं पूर्व सैन्य अधिकारी के पी यादव और कोच के रूप में जेबा खान कबड्डी विशेषज्ञ शामिल है। सभी महिला खिलाड़ियों प्रशिक्षण शिविर केन्द्र बीआईटी दुर्ग से बिलासपुर के लिए प्रस्थान किए। इससे पूर्व विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित विदाई समारोह में कुलसचिव डॉ. अंकित अरोरा और विवि प्र. खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज, बीआईटी दुर्ग के प्रोफे. इंचार्ज डॉ. श्रवण पांडेय, वरिष्ठ खेल अधिकारी कोंडल राव, विवि खेल सहायक रामनारायण बंजारे, सहायक ग्रेड-3 ओंकारदत्त कश्यप, सहायक सियाराम साहु सहित बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### भिलाई विद्यालय से-2 में आज होगा आयोजन

## एलुमनी मीट में जुटेंगे 50 से 60 साल पहले के दोस्त, शेयर करेंगे अनुभव

**भिलाई।** देश भर से भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 के 1961 से 1977 तक हायर सेकेन्ड्री उत्तीर्ण के पूर्व विद्यार्थी 12 अक्टूबर को एलुमनी मिलन समारोह में एक साथ जुटेंगे। यह मिलन समारोह एलुमनी चेयरमैन नेतराम अग्रवाल द्वारा गायत्री पैलेस धमधा रोड चिखली दुर्ग में आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर सभी साथी 50-60 वर्ष पूर्व की पुरानी यादें ताजा कर अपना अनुभव शेयर करेंगे। रविवार को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एलुमनी के अध्यक्ष नरेश खोसला और महासचिव रामसमुझ कनोजिया ने बताया कि एलुमनी मीट में कम से कम 150 पुराने दोस्त एक बार फिर से मिलेंगे। कार्यक्रम सुबह साढ़े 10 बजे से नाश्ते के साथ शुरु होकर दोपहर भोजन और शाम चाय के बाद साढ़े 5 बजे संपन्न होगा। इसी दौरान भिलाई विद्यालय का नाम रोशन करने वाले ईएनटी विशेषज्ञ डॉ भागवत राय, डॉ बाल रोग विशेषज्ञ अरविंद प्रकाश सावंत, डॉ शशि कुमार और डॉ पद्माकर शर्मा अपने अनुभवों से अपने दोस्तों को उम्र के इस पड़ाव में स्वास्थ्य लाभ की जानकारी भी देंगे। साथ ही महिलाओं और पुरुषों के लिए जलेबी दौड़, कुर्सी दौड़ के साथ साथ गीत संगीत का कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा। मिलन समारोह में पुरानी यादों को ताजा करने भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 के पूर्व छात्र प्रेमप्रकाश पाण्डेय पूर्व विधानसभा अध्यक्ष छ.ग शासन, संरक्षक अजय गुप्ता दिल्ली, नरेश ग्रोवर जबलपुर, गीरिश बंसल भिलाई, चेयरमैन नेतराम अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र नायडू, कोषध्यक्ष इन्द्रदत्त मित्तल और रायपुर से वरिष्ठ पत्रकार दिवाकर मुक्तिबोध सहित सभी कार्यकारिणी सदस्य विशेष रुप से मौजूद रहेंगे।

● सेल्फी का क्रेज... करवाचौथ बना ग्लैमरभरा उत्सव

# करवाचौथ पर श्रृंगार और व्रत में लीन रहीं सुहागिनें, छग में चांद नहीं दिखा तो मोबाइल से यूपी का चांद देकर तोड़ा व्रत



### सुबह से ही बाजारों में रही भीड़

व्रत को लेकर पिछले कुछ दिनों से महिलाओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल बाजारों में दिखाई दिया। कपड़े, आभूषण, पूजा का सामान आदि दुकानों में जबरदस्त भीड़भाड़ रही। करवाचौथ को लेकर कास्मेटिक की दुकानों व मेंहदी लगवाने महिलाओं को काफी देर इंतजार करना पड़ा। सभी महिलाओं ने दोनो हाथों व पैरों में भरकर मेंहदी लगवाई। करवा, चलनी, डेकोरेटेड दीया आदि खरीदने दोपहर तक खरीदारी की गई।

**भिलाई।** पति की दीर्घायु एवं सदा सुहागिन रहने के लिए शुक्रवार को महिलाओं ने सुबह सरगी खाकर और रात में चांद का दीदार कर करवाचौथ का पर्व उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर अनेक स्थानों में सामूहिक पूजा का आयोजन भी किया गया था, जहां महिलाएं सोलह श्रृंगार कर करवाचौथ का विधिवत पूजन करने पहुंची थी। आकाश में बादल छाये रहने के चलते चांद का दीदार भी देरी से हुआ। सेक्टर-1 और मैत्रीकुंज में भी बड़ी संख्या में महिलाओं न करवाचौथ पर पूजा अर्चना की। कार्तिक मास के चतुर्थी तिथि के अवसर पर सभी सुहागिन महिलाओं ने अपने सुहाग की लंबी आयु व कुंवारी युवतियों ने सुयोग्य वर की प्राप्ति के लिए दिनभर करवाचौथ का व्रत रखा। शुक्रवार को रात 8:30 बजे चांद देखने का मुहूर्त था, लेकिन नहीं दिखा। इस वजह से महिलाओं ने वीडियो कॉल के जरिये यूपी में चांद देखकर अर्घ्य दिया और उपवास तोड़ा।







### लोकांगन में जुटी सैकड़ों व्रती महिलाएं



वैशाली नगर लोकांगन परिसर में विधायक रिकेश सेन के नेतृत्व में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य आयोजन लोकांगन करवाचौथ समिति के तत्वावधान में शाम 4 बजे से 6 तक आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिलाएं शाम को श्रृंगार कर पूजन सामाग्री लेकर लोकांगन पहुंची। जहां पर सखी मंच की वरिष्ठ महिलाओं द्वारा विधिविधान से पूजा अर्चना कराकर कथा सुनाया गया। सूर्य अस्त होने तक महिलाएं बारी बारी से पूजा करती रही। जिससे लोकांगन परिसर व आसपास का पूरा भक्तिमय वातावरण दिखाई दिया। रिकेश सेन ने बताया कि विगत वर्षो की अपेक्षा इस वर्ष करवाचौथ पर भव्य आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 21 सालों से निरंतर 82 वर्षीय बुजुर्ग महिला से लेकर नई नवेली बहूएं पूजा करने आती है। इस बार इस पूजा में जिनकी इस वर्ष शादी होने वाली है उन्होंने भी व्रत रखकर विधिवत पूजा अर्चना की। इस अवसर पर कलाकार मोना सेन उपस्थित होकर विधिवत पूजा अर्चना कर व्रती महिलाओं को पर्व की शुभकामनाएं दी।

## सुराना कॉलेज में प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए स्टूडेंट्स को दिया गया प्रशिक्षण

**दुर्ग।** सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के सभागार में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता के रूप मे समीर साव उपस्थित थे। कार्यशाला का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एवं समय प्रबंधन के समबंध जानकारी प्रदान करना था ।

मुख्य वक्ता समीर साव ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी किस प्रकार की जानी चाहिए, कौन.कौन सी समस्याएं सामने आती है और किस प्रकार समय का प्रबंध करते हुए परीक्षा की तैयारी की जाती है के संबंध मे महत्वपूर्ण जानकारी दी। साथ ही उन्होंने गवर्नमेंट जॉब की परीक्षाएं सीजीपीएससी एवं सीजी व्यापम से संबंधित जानकारी भी प्रदान की। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय क `प्राचार्य डॉ पूजा मल्होत्रा, कॉमर्स विभाग के विभागाध्यक्ष मनोज कुशवाहा एवं प्राध्यापक डॉ रानी शुक्ला, डॉ निधि,मिश्रा, पवनदीप कौर एवं भागवत, देवांगन तथा सौ से अधिक छात्र.छात्राएं उपस्थिति रहे। डॉ. रानी शुक्ला के निर्देशन में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में छात्र मौजूद थे।

## बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति, दर्शकों ने तालियों से किया उत्साहवर्धन

**भिलाई।** नृत्यधाम कला समिति द्वारा एसएनजी विद्या भवन, सेक्टर-4 में आयोजित नृत्य, संगीत, वाद्य, चित्रकला और चित्रकारी प्रतियोगिता के छठवें दिन बच्चों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में करीब 250 बच्चों ने भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, मोहिनीअट्टम, तबला वादन और गीतों की प्रस्तुतियां दीं। मंच पर बच्चों की लय, भाव और तालमेल देखकर दर्शकों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। नृत्य गुरु डॉ. राखी रॉय ने बताया कि इस दिन विभिन्न वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों में ओडिशी सब जूनियर ग्रुप में शिव्या, की-बोर्ड सब जूनियर ग्रुप में अद्या बघेल, जूनियर वर्ग में



रिया राय, मिनाल वर्मा, आरोहन त्रिपाठी, मोहिनीअट्टम सब जूनियर वर्ग में आहाना लोधी, भरतनाट्यम सीनियर वर्ग में लवान्या भुटे और भरतनाट्यम सब जूनियर वर्ग में विनमई थारेवाल प्रथम स्थान पर रहीं। डॉ. रॉय ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं बच्चों की कला प्रतिभा को निखारने का अवसर देती हैं और उन्हें भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ती हैं।



### सिख इतिहास से जुड़ा गतका देश की गौरवशाली जंगजु विरासत का प्रतीक : सांसद बघेल

# विरासती खेल : 13वीं राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप की धमाकेदार शुरुआत, 12 राज्यों के 5 सौ बच्चे दिखाएंगे अपनी प्रतिभा का कौशल

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** नेशनल गतका ऐसोसिएशन आफ़ इंडिया द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 13वीं राष्ट्रीय गतका चैंपियनशिप की धमाकेदार शुरुआत शुक्रवार को गुरु नानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 6 में शुरू हुई। जिसमें बारह राज्यों के 500 से अधिक लड़के-लड़कियां भाग ले रहे हैं।न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के सहयोग से आयोजित गतका प्रतियोगिताएं भारत की प्राचीन जंगजू और सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ सिख आध्यात्मिक कला का गौरवशाली प्रतीक हैं और वीरता, अनुशासन, सद्भाव और सांस्कृतिक गौरव का संदेश भी देती हैं।



### गतका मार्शल आर्ट ही नहीं, ऐतिहासिक धरोहर

राष्ट्रीय प्रतियोगिता के उद्घाटन में दुर्ग सांसद विजय बघेल, पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडे, भारतीय राष्ट्रीय गतका संघ अध्यक्ष हरजीत सिंह ग्रेवाल, छग सिख पंचायत के अध्यक्ष जसबीर सिंह चहल, न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छग अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, महासचिव जसवंत सिंह खालसा और वित्त सचिव मलकीत सिंह सहित कई गणमान्य जन मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने गतका के सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह एक मार्शल आर्ट ही नहीं बल्कि एक ऐतिहासिक धरोहर है जो भारत के गौरवशाली अतीत के जीवंत स्वरूप और सिख इतिहास की अजेय भावना को प्रतिबिम्बित करता है। ऐसी स्वदेशी कला को बढ़ावा देने से हमारी संस्कृति का संरक्षण होता है और युवाओं में हमारे गुरुओं द्वारा दिखाए गए साहस, अनुशासन, भक्ति और समर्पण के गुणों का संचार होता है।

### 12 राज्यों के 500 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि गतका की राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी करना छत्तीसगढ़ के लिए गौरव का क्षण है। यह प्राचीन कला न केवल फिटनेस और अनुशासन सिखाती है बल्कि एकता और सांस्कृतिक संरक्षण के अपने संदेश के माध्यम से सामाजिक समरसता और सद्भाव को भी मजबूत करती है। इस दौरान हरजीत सिंह ग्रेवाल ने गतका को ओलंपिक सहित अंतर्राष्ट्रीय स्तर की बहु-खेल प्रतियोगिताओं में शामिल किये जाने की बातें कही। इंदरजीत सिंह और जसवंत सिंह खालसा ने बताया कि इस चैंपियनशिप में भारत के बारह राज्यों से 500 से अधिक लड़के-लड़कियां भाग ले रहे हैं। 12 अक्टूबर को समापन समारोह में गतका-सोती और फरी-सोती स्पर्धाओं की विभिन्न व्यक्तिगत और टीम प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इस चैंपियनशिप को गुरुद्वारा बेचे जानकी जी जोन-2 खुर्सीपार, गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद साहिब कैंप-2, श्री गुरु अर्जुन देव जी हाउसिंग बोर्ड, गुरु तेग बहादुर गुरुद्वारा कैंप, सुपेला, नेहरू नगर, हुडको, छत्तीसगढ़ सिख पंचायत, सेक्टर-5, श्री गुरु नानक पब्लिक धर्मशाला, सिख यूथ फोरम, गुरु नानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल और पंजाबी कल्चरल एंड वेलफेयर एसोसिएशन, युवा सेवा समितियों और विभिन्न सामुदायिक संगठनो के लोग उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

# शिव तांडव की प्रस्तुति देकर अद्रिजा ने जीता प्रथम पुरस्कार



**भिलाई।** नृत्यधाम कला समिति द्वारा 12 अक्टूबर तक एसएनजी भिलाई में चल रहे इंटरनेशनल कल्चरल हार्मनी देश राग में एक बार फिर से श्री शंकरा विद्यालय की नन्ही छात्रा अद्रिजा दत्ता ने प्रथम पुरस्कार जीता है। अद्रिजा ने सब जूनियर ग्रुप के सेमी क्लासिकल कैटेगरी में शिव तांडव की प्रस्तुति देकर पालकों और आयोजकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अद्रिजा ने पिछले वर्ष भी इस कॉम्पटीशन में प्रथम पुरस्कार जीता था। 6 वर्ष की नन्ही बालिका अद्रिजा ने अपने नृत्य कौशल से अपनी अलग पहचान बनानी शुरु कर दी है। गुरु अन्वेषा भाटिया के डांस एकेडमी की छात्रा अद्रिजा ने पिछले दो वर्षों में कई कॉम्पीटीशन में भाग लिया और प्राइज जीता। गुरु अन्वेषा भाटिया सोनी टीवी में आने वाले सुपर डांसर कॉम्पीटीशन की प्रतिभागी रह चुकी हैं। उनके ही निर्देशन में अद्रिजा लगातार पुरस्कार जीत रही है। पिछले वर्ष आयोजित हुनर भिलाई में अद्रिजा को प्रथम पुरस्कार के रूप में 11000 रुपए की राशि मिली। इसी तरह केपीएस में आयोजित प्रज्ञोत्सव के दो कैटेगरी में उसने प्रथम पुरस्कार और एक में द्वितीय पुरस्कार जीता। राजनांदगांव में आयोजित कौशिकी कार्यक्रम में भी अद्रिजा ने प्रथम पुरस्कार जीता। अद्रिजा की माता काजल सिंह और पिता देवदुती दत्ता ने बताया कि वह बचपन से ही डांस करती आ रही है जिससे वह इतनी कम उम्र में ही शिव तांडव का शानदार प्रदर्शन कर पाई है।

## सिटी लाइव

# कैट महिला अध्यक्ष पायल जैन के कार्यों की राज्यपाल ने की सराहना



**दुर्ग।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की दुर्ग जिला महिला इकाई अध्यक्ष पायल जैन एवं महामंत्री डॉ. गुंजा पींचा ने शुक्रवार को छतीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका से सौजन्य भेंट की। इस दौरान पायल जैन द्वारा राज्यपाल को पिछले हफ्ते कैट की महिला इकाई द्वारा आयोजित दीवाली धमाका में महिलाओं द्वारा स्वनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी के साथ पूर्व में किए गए कार्यो एवं आगामी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। राज्यपाल ने महिलाओं को स्वदेशी उत्पादों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किए गए कार्य के लिए कैट महिला इकाई अध्यक्ष पायल जैन की सराहना की। बता दें कि दीवाली धमाका एक्जिबिशन में दुर्ग-भिलाई की महिलाओं द्वारा स्वदेशी उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। प्रदर्शनी में 44 स्टॉल लगाए गए थे। इन स्टॉलो में स्वदेशी उत्पाद आकर्षण का केन्द्र रहे। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, छग आरएसएस के पूर्व प्रमुख बिसराराम यादव, महापौर अलका बाघमार,जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, कलेक्टर अभिजीत सिंह, बाल अधिकार संरक्षण आयोग अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, आईजी रामगोपाल गर्ग, एसएसपी विजय अग्रवाल के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शनी में शामिल होकर महिलाओं का हौसला बढ़ाया।

## सिटी इवेंट

# हनुमान मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ से माहौल हुआ भक्तिमय, बांटा प्रसाद



**भिलाई।** ओथ फाउंडेशन द्वारा सेक्टर 9 हनुमान मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें काफी संख्या में युवा सदस्य और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुंदरकांड का पाठ कान्हा महाराज और देवा महाराज द्वारा किया गया। इस मंगलमय पाठ से पूरे वातावरण में भक्ति और आध्यात्मिकता की भावना दिखाई दी।

- **आयोजन का उद्देश्य समाज में धार्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों का प्रसार करना है**

इस अवसर पर सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चन्द्राकर, डायरेक्टर एचटीसी इंदरजीत सिंह, महापौर शशि सिन्हा, पद्मश्री सबा अंजुम, श्रीराम जन्मोत्सव समिति अध्यक्ष मनीष पाण्डेय सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में धार्मिक, सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों के प्रसार के साथ ही लोगों को आपसी सद्भाव एवं सेवा की भावना से जोड़ना है। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं ने हनुमान के जयकारों के साथ प्रसाद ग्रहण किया।

---

● मेरे आदर्श व्यक्तित्व विषय पर पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन, विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर लिया हिस्सा

# पत्र केवल संवाद नहीं बल्कि इतिहास के दस्तावेज़ हैं जो समाज और संस्कृति की आत्मा को संजोते हैं

**भिलाई।** राष्ट्रीय डाक सप्ताह के अवसर पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन मेरे आदर्श व्यक्तित्व विषय पर आयोजित किया गया था। इस दौरान विद्यालय के 200 से अधिक विद्यार्थियों भाग लिया और अपने आदर्श व्यक्तित्व महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद, नील आर्मस्ट्रांग, नरेंद्र मोदी, मेरी कॉम, सचिन तेंदुलकर, कमला हैरिस, एपीजे अब्दुल कलाम जैसे महान व्यक्तित्व को पत्र लिखकर अपनी भावनाएं व्यक्त की। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने पत्र लेखन को बढ़ावा देते हुए कहा कि पत्र लेखन जैसी परंपरागत विधाओं के माध्यम से हम संवाद की उस आत्मीयता को पुनर्जीवित कर सकते हैं जो आज के युग में कहीं खोती जा रही है। पत्र केवल संवाद नहीं बल्कि इतिहास के दस्तावेज़ हैं जो समाज और संस्कृति की आत्मा को संजोते हैं।



### पत्र लेखन विचार, अभिव्यक्ति और संवेदनशीलता को करता है विकसित



राष्ट्रीय डाक सप्ताह 6 से 10 अक्टूबर के अंतर्गत पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में दो सौ से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी ने पत्र लेखन को बढ़ावा देते हुए अपनी बातों को कहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएम केंद्रीय विद्यालय दुर्ग प्राचार्य उमाशंकर मिश्रा और डाक विभाग दुर्ग की सहायक अधीक्षक सीमा श्रीवास्तव उपस्थित रही। राष्ट्रीय डाक सप्ताह पर आयोजित लेखन प्रतियोगिता के अवसर पर उमाशंकर मिश्र ने बच्चों को प्रोत्सहित करते हुए कहा कि पत्र लेखन केवल संवाद का माध्यम नहीं बल्कि यह मन की गहराइयों से निकलने वाली भावनाओं का साहित्यिक अभिव्यक्तिकरण है। उन्होंने कहा कि आज की डिजिटल दुनिया में यह विधा फिर से जीवित हो सके, यही इस प्रतियोगिता का उद्देश्य है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पत्र लेखन लेखन कौशल, विचार अभिव्यक्ति और संवेदनशीलता को विकसित करने का सर्वोत्तम माध्यम है।

### देश के हर नागरिक को जोड़ने का माध्यम



अध्यक्ष सीमा श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय डाक विभाग देश के हर नागरिक को जोड़ने का माध्यम है। पत्र लेखन जैसी परंपरागत विधाओं के माध्यम से हम संवाद की उस आत्मीयता को पुनर्जीवित कर सकते हैं जो आज के युग में कहीं खोती जा रही है। उन्होंने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए डाक विभाग द्वारा आयोजित अन्य प्रतियोगिताओं जैसे डाक टिकट डिज़ाइन, पोस्टकार्ड संदेश लेखन, बचत अभियान जागरूकता आदि की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी।

### विभूतियों के पत्र लेखन से मिली सीख

कार्यक्रम के संचालक करते हुए डॉ. अजय आर्य ने कहा कि कभी किसी ख़त में छिपी मोहब्बत मिल जाती है, कभी किसी पते पर पूरी जिंदगी ठहर जाती है।" उन्होंने पत्र लेखन की ऐतिहासिक और प्रेरणादायी परंपरा पर प्रकाश डालते हुए स्वामी विवेकानंद पत्रावली, महात्मा गांधी के पत्र और स्वामी दयानंद के पत्रों के उल्लेख से विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पत्र केवल संवाद नहीं बल्कि इतिहास के दस्तावेज़ हैं जो समाज और संस्कृति की आत्मा को संजोते हैं। इस आयोजन ने विद्यार्थियों में न केवल रचनात्मकता और लेखन कौशल को प्रोत्साहित किया बल्कि उन्हें यह भी सिखाया कि शब्द जब भावनाओं से लिखे जाते हैं तो वे पत्र बनकर कालजयी हो जाते हैं। कार्यक्रम के आयोजन में सुरजीत मेहता, विमल सोनी, लोकेश कनौजे सहित अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ढाई आखर पत्र लेखन प्रतियोगिता के आयोजन के लिए दुर्ग डाक संभाग के प्रवर अधीक्षक बी.एल. जांगडे ने बच्चों और शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए प्रोत्साहित किया।

---

## क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च भिलाई ने मनाई वर्षगांठ

# भजन संध्या, आध्यात्मिक प्रवचन, बाइबिल क्विज़ में दिखा उत्साह, हुई प्रतियोगिताएं



**भिलाई।** क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च, सेक्टर-6, भिलाई में चर्च की 67वीं वर्षगांठ श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव से मनाई गई। इस अवसर पर चर्च परिसर में विविध आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सप्ताह भर चले इस विशेष आयोजन की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें चर्च के रेव. अर्पण तरुण द्वारा विशेष संदेश दिया गया। इसके बाद विभिन्न भजन संध्या, आध्यात्मिक प्रवचन, बच्चों और युवाओं के लिए बाइबिल क्विज़, नाट्य प्रस्तुति और गायन प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में चर्च से जुड़े स्थानीय सदस्यों के साथ-साथ अन्य शहरों से भी मेहमान शामिल हुए। समापन समारोह में विशेष सामूहिक प्रार्थना और प्रेम भोज का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता रेव. डॉ. तापस घोष प्रिंसिपल, इलाहाबाद बाइबिल सेमिनरी, प्रयागराज, उ.प्र. थे। चर्च प्रबंधन समिति ने कहा कि यह वर्षगांठ न केवल हमारे आस्था के सफर का उत्सव है, बल्कि यह समाज में शांति, सेवा और प्रेम के संदेश को आगे बढ़ाने का संकल्प भी है। 67 वर्षों से क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च, सेक्टर-6 भिलाई क्षेत्र में आध्यात्मिक मार्गदर्शन का केंद्र रहा है और समाजसेवा में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

मुख्य अतिथि एवं वक्ता डॉ. तापस घोष ने कहा कि प्रार्थना के लिए हर व्यक्ति का एक अपना पर्सनल समय होना चाहिए। जब हम प्रार्थना करते है तो प्रभु से बात करते हैं जब हम आत्मिक रूप से परिपक्व होते तब हम प्रभु से एकाकार होते हैं। इस दौरान मसीही गीत संगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, रायपुर, राजनंदगांव के साथ ही उड़ीसा एवं बालाघाट से 24 टीमों ने भाग लिया। इस गीत संगीत प्रतियोगिता में गायको द्वारा परमेश्वर की महिमा के गीत गाए गए और उन बातों का प्रचार किया जो जीवन के मार्ग और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम का संचालन दीपक हेमरोम ने किया। गायन प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। एकल प्रथम सेंट थॉमस चर्च सीएनआई भिलाई, द्वितीय वेस्लेयन मेथोडिस्ट चर्च डोंगरगढ़, तृतीय चर्च ऑफ क्राइस्ट पंडरी रायपुर और सांत्वना सेंट जॉन मैरी वियानीज़ चर्च रियाली भिलाई, युगल प्रथम वेस्लेयन मेथोडिस्ट चर्च डोंगरगढ़, द्वितीय चर्च ऑफ क्राइस्ट पंडरी रायपुर, तृतीय जी. ई. एल. चर्च कोटपाड़ ओडिशा, सांत्वना रायपुर मेनोनाइट प्रार्थना फ़ेलोशिप रायपुर को मिला।

# बुजुर्गों के संगठन की छवि धूमिल करने वालों पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई



**भिलाई।** भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ के नवनिर्वाचित प्रबंधकारिणी सत्र आजीवन सदस्यों, सम्मानित सदस्यों, संरक्षक सदस्यों, सियान सदनों के प्रतिनिधियों एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक सियान सदन, वैशाली नगर भिलाई में संपन्न हुई। बैठक में महासंघ एवं वरिष्ठ नागरिकों के हित में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अध्यक्षता महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने की।

बैठक में हेल्पेज इंडिया के छत्तीसगढ़ राज्य प्रमुख शुभांकर बिस्वास विशेष रूप से उपस्थित थे। अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने उद्देश्य एवं एजेंडे की जानकारी दी। उन्होंने महासंघ की वर्तमान स्थिति एवं गतिविधियों से सदन को अवगत कराया। बैठक में उपस्थित सदस्यों से महासंघ के संचालन हेतु सुझाव मांगा गया। उपस्थित सदस्यों ने प्रस्ताव पारित कर अध्यक्ष घनश्याम देवांगन के नेतृत्व में पूर्ण विश्वास जताया और महासंघ की वर्तमान प्रबंधकारिणी द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं हित में किए जा रहे रचनात्मक गतिविधियों की खुलकर प्रशंसा की। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि महासंघ की प्रतिष्ठा को धूमिल करने वालों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पूर्व प्रबंधकारिणी द्वारा नवनिर्वाचित प्रबंधकारिणी को अभी तक चार्ज नहीं दिए जाने का मुद्दा भी उठा।

इस पर सर्वसम्मति से पूर्व प्रबंधकारिणी को नोटिस जारी करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सदस्यों ने सर्वसम्मति से आगामी दिनों में वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए प्रस्तावित स्वास्थ्य, मनोरंजन, सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, धार्मिक आदि रचनात्मक गतिविधियों के आयोजन करने की योजना पर भी मुहर लगा दी। बैठक में पुरानिक राम देवांगन, दिनेश कुमार मिश्रा, नामदेव मोरे, एम.आर. निराला, जोसेफ, दिनेश कुमार गुप्ता, धानेश्वर निर्मलकर, ओमप्रकाश साहू आदि ने अपनी बात रखी।

---

## अमृतसर शहर के संस्थापक सिख सम्प्रदाय के चौथे गुरु का मनाया जन्मोत्सव

कार्नर न्यूज

# चौथे गुरु रामदास साहेब का मनाया प्रकाश पर्व, स्त्री सत्संग ने शबद-कीर्तन कर किया गुणगान, अरदास कर बांटा कड़ाह प्रसाद

**भिलाई।** गुरुद्वारा गुरु अर्जन देव हाउसिंग बोर्ड भिलाई में सिख सम्प्रदाय के चौथी पातशाही चौथे गुरु रामदास साहेब का जन्मोत्सव प्रकाश पर्व के रुप में हर्षोल्लास से मनाया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरुद्वारे में गुरु ग्रंथ साहिब का पाठ रखा गया था। गुरु साहिबान की जयंती पर उनकी जीवनी से श्रद्धालुओं को जोड़ने के लिए गुरुद्वारे साहेब के ग्रंथी गुरमीत सिंह ने गुरु की जीवनी के प्रमुख घटनाओं की व्याख्या उपस्थित संगत के समक्ष की गई। जिसे सुनकर सभी श्रद्धालु निहाल हो गये। इसके बाद भिलाई-दुर्ग के स्त्री सिख सत्संग सभा की गुरुद्वारा कैंप 1, कैंप 2 खुर्सीपार, कोहका, सुंदर नगर, वैशाली नगर, सेक्टर 6 भिलाई और दुर्ग की महिलाओं द्वारा गुरु साहिबान की महिमाओं का वर्णन करने वाले कीर्तन प्रस्तुत किए गए। कीर्तन हाउसिंग बोर्ड गुरुद्वारे के हजूरी रागी जत्थों द्वारा गुरु के संदेशों से संगत को जोड़कर किया गया।इसके बाद गुरुद्वारे में श्रद्धालुओं द्वारा सभी के भले के लिए अरदास की गई और कड़ाह प्रसाद बांटा गया। इसके उपस्थित संगत ने प्रसाद रूपी लंगर ग्रहण किया। समाज के श्रद्धालुओं ने नौनिहालों को गुरु साहेब का इतिहास व उनके गुणों के बारे में बताकर प्रेरित करते हुए कहा कि उनके उपदेशों से शिक्षा लेकर हमें अपने जीवन में अपनी बुराइयों को हराकर अपने जीवन को देश हित में समर्पित करना है।



### गुरु की भक्ति देख उन्हें मिली थी चौथे गुरु की उपाधि

गुरु साहिब के इतिहास को बताते हुए कहा कि गुरु रामदास साहेब को चौथे गुरु की उपाधि दी गयी थी। जब विदेशी आक्रमणकारी एक शहर के बाद दूसरा शहर तबाह कर रहे थे, तब चौथे नानक गुरू राम दास महाराज ने एक पवित्र शहर रामसर, जो कि अब अमृतसर के नाम से जाना जाता है, का निर्माण किया। गुरू रामदास जेठा जी का जन्म चूना मण्डी लाहौर (अब पाकिस्तान में) में हुआ था। उनका परिवार बहुत गरीब था। जब वे मात्र 7 वर्ष के थे, उनके माता-पिता की मृत्यु हो गयी। फिर उन्होंने नानी के साथ रहकर 5 वर्षों तक उबले हुए चने बेच कर अपना जीवन यापन किया और वहीं गुरू अमरदास साहिब द्वारा धार्मिक संगतों में भी भाग लेने लगे। उन्होंने गोइन्दवाल साहिब के निर्माण की सेवा की। वे भारत के विभिन्न भागों में लम्बे धार्मिक प्रवासों के दौरान गुरु अमरदास के साथ रहे। गुरू रामदास अपनी भक्ति एवं सेवा के लिए बहुत प्रसिद्ध हो गये थे। गुरू अमरदास साहिब ने उन्हें हर पहलू में गुरू बनने के योग्य पाकर उन्हें चौथे नानक के रूप में स्थापित किया।

### सिक्खों के लिए बनाया भजन-बन्दगी का स्थान

गुरू रामदास ने ही 'चक रामदास' या 'रामदासपुर' की नींव रखी जो कि बाद में अमृतसर कहलाया। यह शहर व्यापारिक दृष्टि से लाहौर की ही तरह महत्वपूर्ण केन्द्र बन गया। गुरू रामदास साहिब जी ने स्वयं विभिन्न व्यापारों से सम्बन्धित व्यापारियों को इस शहर में आमंत्रित किया। यहां सिक्खों के लिए भजन-बन्दगी का स्थान बनाया गया। इस प्रकार एक विलक्षण सिक्ख पंथ के लिए नवीन मार्ग तैयार हुआ। गुरू रामदास ने 'मंजी पद्धति' का संवर्द्धन करते हुए 'मसंद पद्धति' की शुरुआत की।

### समाज को रूढ़िवादी परम्पराओं से दूर किया

गुरू रामदास साहिब ने सिख धर्म को विवाह आनन्द कारज के लिए चार लावों फेरों की रचना की और सरल विवाह की गुरमत मर्यादा को समाज के सामने रखा। उन्होने सिक्ख पंथ के लिए एक विलक्षण वैवाहिक पद्धति दी और विभिन्न वैवाहिक पद्धति ने समाज को रूढ़िवादी परम्पराओं से दूर किया। गुरू साहिब ने अपने गुरूओं द्वारा दिये गए गुरू का लंगर प्रथा को आगे बढ़ाया। अन्धविश्वास, वर्ण व्यवस्था आदि कुरीतियों का पुरजोर विरोध किया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### एशियन टेटे में विनय होंगे टेक्नीकल ऑफिशियल



**रायपुर।** भुवनेश्वर ओडिशा में 11 से 15 अक्टूबर तक होने वाली 28वीं एशियन टेबल टेनिस टीम प्रतियोगिता में भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तकनीकी समिति के सदस्य एवं अन्तर्राष्ट्रीय अंपायर विनय बैसवाड़े का चयन टेक्नीकल ऑफिशियल के रूप में किया गया है। भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में होने वाली प्रतियोगिता में एशिया के 22 देश भाग लेंगे और पुरुष एवं महिला दोनों वर्ग में टीम स्पर्धाएं होंगी। यह प्रतियोगिता 2026 वर्ल्ड टेबल टेनिस टीम चैंपियनशिप के लिए क्वालीफायर का भी हिस्सा है। इसके पूर्व भी विनय बैसवाड़े कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में टेकनीकल ऑफिशियल के रूप में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं। छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष विनय बैसवाड़े, अंतरराष्ट्रीय अंपायर एवं खिलाड़ी हैं तथा भारतीय जीवन बीमा निगम, मण्डल कार्यालय, रायपुर में कार्यरत है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष शरद शुक्ला, छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, कोषाध्यक्ष सौरभ शुक्ला एवं समस्त पदाधिकारियों ने हार्दिक बधाई दी एवं शुभकामनाए दी। उपरोक्त जानकारी छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सह सचिव प्रेमराज जाचक ने दी।

### नेशनल पावर लिफ्टिंग व बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप रायपुर में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग एसोशिएसन एवं छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में नेशनल पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप ईस्ट एंड वेस्ट जोन इंडिया एवं बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन बूढ़ेश्वर मंदिर भवन बूढ़ा तालाब में 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के महासचिव मानिक ताम्रकार एवं छत्तीसगढ़ पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन के महासचिव प्रदीप क्षत्रिय ने बताया कि चैंपियनशिप का उदघाटन 31 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे किया जाएगा और 2 नवंबर को 3 बजे पुरस्कार वितरण होगा। इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, गुजरात, वेस्ट बंगाल, बिहार, झारखंड और ओडिशा के लगभग 400 खिलाड़ी आने की संभावना है। प्रतियोगिता में महाराष्ट्र के रैफरी सैंडल एस सोडे, प्रमोद एस पाटिल, कोलकाता से अनूप यादव, ओडिशा से रुद्र कुमार, राजस्थान से सत्यनारायण सैनी अपनी सेवाएं देंगेI। प्रतियोगिता में चयनित पावर लिफ्टर वर्ल्ड चैंपियनशिप श्री लंका में 26 से 30 नवंबर को भाग लेने जाएंगे। जिनका चयन पावर लिफ्टिंग स्पोर्ट ऑर्गेनाइजेशन के महासचिव दुर्गेश राजोरिया करेंगे। पावर लिफ्टिंग के समापन के बाद ही बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता होगी जो 2 नवंबर को शाम 6 बजे से शुरू होगी। पावर लिफ्टिंग और बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में एक लाख 51 हजार रुपए नगद इनाम दिया जाएगा। बॉडी बिल्डिंग विभिन्न वजन वर्गों के आधार पर होगी। बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी 12 जनवरी को इंदौर में होने वाली फेडरेशन कप में भाग लेंगे।

### शतरंज में बिलासपुर के रुपेश और पलारी की भाग्यश्री बनें विजेता



**रायपुर।** रजत जयंती महोत्सव एवं यातायात, नशामुक्ति व साइबर एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पहली बार ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन इंडोर स्टेडियम बलौदाबाजार में किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता, डी एफ ओ गणवीर धम्मशील, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव ,छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमंत खुटे एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर ओपन चेस टूर्नामेंट का शुभारम्भ किया। जिला में पहली बार आयोजित ओपन चेस टूर्नामेंट में प्रदेश से 200 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता के विजेताओं में 15 साल से ऊपर बालिका वर्ग में प्रथम भाग्यश्री पटेल (पलारी), द्वितीय रोशनी साहू (बलौदाबाजार)। 15 साल नीचे में अदिति पाण्डेय प्रथम (बलौदाबाजार), द्वितीय नित्या वैष्णव (बलौदाबाजार) । इसी तरह से 15 साल से ऊपर बालक वर्ग में प्रथम रुपेश मिश्रा (बिलासपुर) ,द्वितीय वैभव साहू (भांठापारा) ,15 साल से नीचे बालक वर्ग में प्रथम लक्ष्य गुप्ता प्रथम (रायपुर ), द्वितीय प्रांजल सिंह (दुर्ग)। उपरोक्त सभी प्रथम स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को सात - सात हजार का चेक दिया।

## मानसिक स्वास्थ्य आज विश्व की एक बड़ी चुनौती बन रहा

# पेट अक्सर रहता है खराब तो दिमागी भी हो सकती है परेशानी, पाचन तंत्र और मानसिक स्वास्थ्य में संतुलन जरूरी

पेट दर्द एक सामान्य समस्या है, ये किसी को भी हो सकती है। आमतौर पर गैस, कब्ज या अपच के कारण पेट में दर्द हो सकता है, जोकि सामान्य दवाओं और घरेलू उपचार से ठीक भी हो जाता है। पर अगर आपको लंबे समय से पेट में दर्द या पाचन में गड़बड़ी की दिक्कत बनी हुई है और सामान्य उपचार के माध्यम से ये ठीक नहीं हो रहा है तो सावधान हो जाइए, कहीं ये मेंटल हेल्थ से जुड़ी समस्याओं का संकेत तो नहीं है?

जी हां, आपने सही सुना। पाचन तंत्र में गड़बड़ी कुछ स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य विकारों का लक्षण हो सकती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स रोग (जीईआरडी) और स्ट्रेस-एंग्जाइटी जैसी मानसिक समस्याओं के बीच लिंक देखा गया है। यानी कि अगर आपको लंबे समय तक जीईआरडी के लक्षण बने रहते हैं और उपचार से आराम नहीं मिल रहा है तो एक बार किसी मनोचिकित्सक से जरूर मिल लेना चाहिए।

मानसिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों को शिक्षित और जागरूक करने के साथ सामाजिक कलंक की भावना दूर के लिए हर साल 10 अक्तूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। आइए जानते हैं कि पेट की समस्याओं का मेंटल हेल्थ से क्या संबंध हो सकता है?



### गट-ब्रेन हेल्थ कनेक्शन

हार्वर्ड हेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार गट-ब्रेन हेल्थ एक दूसरे से बड़े करीब से जुड़े होते हैं। आपको अगर अक्सर पेट में दर्द वाला अनुभव होता है, उल्टी महसूस होती है? अगर इन समस्याओं में सामान्य दवाओं से आराम नहीं मिल पा रहा है तो हो सकता है ये स्ट्रेस या एंग्जाइटी के कारण हो रहा हो। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, तनाव या चिंता की स्थिति हमारे पाचन तंत्र को प्रभावित कर सकती है। हमारी आंतें मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी में सेंट्रल नर्वस सिस्टम के द्वारा नियंत्रित होती हैं, ऐसे में यदि आपको मानसिक स्वास्थ्य की समस्या है तो इसमें पाचन से संबंधित लक्षण भी दिख सकते हैं।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?



हार्वर्ड के विशेषज्ञ डॉ. हर्बर्ट स्टैनफोर्ड बताते हैं, अधिक तनाव लेने वाले लोगों में अक्सर पाचन की समस्या बनी रह सकती है। मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. टोरोसियन कहते हैं, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि तनाव की स्थिति में इंफ्लामेटरी बाउल डिजीज जैसी समस्याओं का खतरा नहीं होता है, हालांकि ये पाचन के लक्षणों को जरूर गंभीर बना सकती है। स्ट्रेस और ट्रॉमा के शिकार लोगों को गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याओं के बारे में सावधानी बरतनी चाहिए।

### स्ट्रेस में क्यों होती है पाचन की दिक्कत?

मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. कदीर मिठाईवाला



कहते हैं, अक्सर बनी रहने वाली चिंता-तनाव की स्थिति के कारण शरीर में कई प्रकार के हार्मोनल बदलाव होने लग जाते हैं जो गैस्ट्रिक रस के स्राव को बढ़ाती है, जिससे पेट में दर्द, सूजन, एसिडिटी और जलन होती है।

साल 2019 के एक अध्ययन में पाया गया कि जीईआरडी से पीड़ित लोगों में चिंता और अवसाद के लक्षण काफी अधिक थे, खासकर उन लोगों में जिन्होंने सीने में दर्द की भी शिकायत हो रही थी। जीईआरडी और चिंता विकार दोनों ही सीने में दर्द का कारण बन सकते हैं, ये लक्षण अक्सर हार्ट अटैक जैसे महसूस होते हैं।

### स्ट्रेस को करें कंट्रोल

डॉ. कदीर कहते हैं, ऐसा नहीं है कि गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं होते ही ये समझ लें कि आपको कोई मानसिक दिक्कत हो गई है, हालांकि अगर सामान्य इलाज से आराम न मिले निश्चित ही सावधान हो जाना चाहिए।



## 22 कैरेट गोल्ड का रेट जानने के बाद खरीदने जा रही हैं तो ध्यान में रखें टिप्स

भारतीयों में गोल्ड ज्वेलरी को लेकर एक अलग ही क्रेज देखने को मिलता है। आज सोना एक लाख के उपर पहुंच चुका है। कुछ लोग गोल्ड ज्वेलरी को निवेश का एक बेहतरीन ऑप्शन भी मानते हैं। यही वजह है कि त्योहार, शादी या अन्य किसी मांगलिक कार्य से पहले सोना खरीदना परंपरा-सा बन गया है। त्योहारों के दिनों में सोने की मांग बढ़ जाती है, जिसकी वजह से बाजार में नकली और मिलावटी गोल्ड भी आ जाता है। नकली-मिलावटी सोना खरीदने पर आपको मोटी चपत लग सकती है और मेहनत की कमाई बर्बाद हो सकती है। अगर आप भी इस फेस्टिवल सीजन में सोना खरीदने की प्लानिंग कर रही हैं और 22 कैरेट का गोल्ड रेट जानने के बाद बाजार जा रही हैं, तो कुछ बातों का जरूर ध्यान रखें।

### गोल्ड रेट जानें

हर शहर में गोल्ड का रेट अलग होता है। क्योंकि डिमांड, इंपोर्ट कॉस्ट और अन्य चीजों पर गोल्ड का रेट तय होता है।



गोल्ड भी शेयर मार्केट की तरह हर दिन उतरता-चढ़ता है। ऐसे में अगर आप गोल्ड की ज्वेलरी या अन्य कोई सामान खरीदने जा रही हैं तो अपने शहर का रेट जरूर चेक करके जाएं।

### शुद्धता

खरीदने से पहले गोल्ड की शुद्धता जान लेना बहुत जरूरी होता है। गोल्ड की शुद्धता कैरेट (K) में मापी जाती है। सबसे प्योर यानी शुद्ध गोल्ड 24 कैरेट का होता है, लेकिन ज्वेलरी 18 से 22 कैरेट में तैयार होती है।

### हॉलमार्क चेक करें

अगर आप गोल्ड खरीदने जा रही हैं तो हॉलमार्क जरूर चेक करें। क्योंकि हॉलमार्क से ही ज्वेलरी की शुद्धता सुनिश्चित की जा सकती है। बता दें, सोने की शुद्धता से ही रेट भी तय होता है।

### मेकिंग चार्ज

गोल्ड की ज्वेलरी की खरीद पर हर दुकानदार और स्टोर मेकिंग चार्ज लगाता है। ऐसे में जब भी आप गोल्ड की खरीददारी करने जाएं, तो मेकिंग चार्ज के बारे में जरूर पता करें। साथ ही आप मेकिंग चार्ज पर मोल-भाव भी कर सकती हैं। क्योंकि, ज्यादातर ज्वैलर मोल-भाव करने पर मेकिंग चार्ज कम कर देते हैं।

### मैन मेड या मशीन मेड

फेस्टिवल सीजन में गोल्ड की जमकर खरीदारी होती है, इसकी वजह से प्रोडक्शन भी बढ़ जाता है। ऐसे में ज्यादातर ज्वैलरी मशीनों से तैयार की जाती है। इसलिए जब भी आप सोना खरीदने जाएं तो ज्वेलर से जरूर पूछें कि यह मैन मेड है या मशीन मेड। क्योंकि मशीन से बनी ज्वेलरी पर मेकिंग चार्ज कम होता है।

### वजन जरूर चेक करें

भारत में ज्यादातर वजन के अनुसार ही गोल्ड ज्वेलरी बेचा जाता है। ज्यादा वजन की ज्वेलरी की कीमत भी ज्यादा होती है और अगर ज्वैलरी में डायमंड या अन्य कीमती स्टोन लगे हैं तो यह बढ़ जाती है।



## नहीं खाते प्याज-लहसुन तो बनाएं ये नाश्ते

खानपान को लेकर हर कोई तमाम नियमों का पालन करता हैं। इन नियमों में सबसे अहम नियम है प्याज और लहसुन का त्याग करना।

जो लोग व्रत नहीं भी रखते हैं वो भी आम दिनों में प्याज-लहसुन नहीं खाते हैं। परेशानी तब सामने आती है, जब बिना प्याज-लहुसन के खाना पकाना पड़ता है। रोज-रोज नाश्ते में क्या बनाएं, ये एक बड़ा सवाल होता है।

अगर आप भी प्याज-लहसुन नहीं खाते हैं, तो आपको ऐसे नाश्ते के बारे में जानना चाहिए जो बिना प्याज लहसुन के बन जाए।

**पोहा:** ये सबसे हल्का नाश्ता होता है। वैसे पोहा बनाते वक्त प्याज डालते हैं लोग, लेकिन आप प्याज और लहसुन को छोड़कर उसमें साधारण मसालों का इस्तेमाल कर सकती हैं। सिंपल सा पोहा खाने में सही रहता है। इसे परोसते वक्त इसके ऊपर नमकीन अवश्य डालें।

**नमकीन सेंवई:** सेंवई वैसे तो मीठी ही बनती है, लेकिन इसे नूडल्स की तरह भी तैयार किया जा सकता है। नमकीन सेंवई खाने में काफी अच्छी लगती है। इसे तैयार करते वक्त प्याज और लहसुन की जगह ढेर सारी सब्जियां डालें।

**ब्रेड रोल:** वैसे तो बहुत से लोग ब्रेड रोल की स्टफिंग बनाने के लिए प्याज डालते हैं लेकिन आप चाहें तो इसे स्किप करें। बिना प्याज और लहसुन के भी ब्रेड रोल कमाल का बनता है। चाय के साथ अगर आप गरम-गरम रोल परोसेंगी तो हर कोई प्याज लहसुन भूल जाएगा।

**ढोकला:** गुजरात का मशहूर ढोकला खाने में काफी मजेदार लगता है। इसे आप रात को तैयार करके भी फ्रिज में रख सकते हैं। चटनी के साथ ढोकला खाने में काफी स्वादिष्ट लगता है। इसे बनाने के लिए प्याज लहसुन की जरूरत नहीं होती।



**चीला :** अगर जल्दबाजी में कुछ बनाना चाहती हैं तो बेसन का चीला बनाएं। नाश्ते में गरमागरम चीला काफी स्वादिष्ट लगता है। इसे आप टोमेटो केचअप और हरी चटनी के साथ परोस सकती हैं। इसके साथ अगर चाय मिल जाए तब तो बात ही अलग है।

**इडली :** सुबह के नाश्ते में अगर इडली सांभर मिल जाए तो दिन बन जाता है। आप चाहें तो इडली को फ्राई कर सकते हैं। इडली को फ्राई करने के लिए भी प्याज और लहसुन की जरूरत नहीं होती।

**अप्पे:** सूजी से बनने वाले अप्पे खाने में काफी स्वादिष्ट लगते हैं। इसे आमतौर पर नारियल की चटनी के साथ परोसा जाता है। इसे तैयार करने के लिए प्याज और लहसुन की जरूरत नहीं पड़ती है। ऐसे में आप बिना सोचे नाश्ते में अप्पे तैयार कर सकते हैं।

## घर के सामने मदार का पेड़ होना शुभ या अशुभ?

मदार के पेड़ का संबंध भगवान शिव से माना है। भोलेनाथ की पूजा में इस फूल का विशेष रूप से इस्तेमाल किया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि इस फूल को अर्पित किए बिना पूजा संपन्न नहीं मानी जाती है। ऐसे में मदार का पेड़ घर के सामने होना शुभ है या अशुभ माना जाता है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित विजयकांत भट्ट से विस्तार से जानते हैं।

### मदार का पेड़ घर के सामने होना शुभ या अशुभ

मदार का पेड़ भूलकर भी घर के सामने नहीं होना चाहिए। वैसे तो इसे शुभ माना जाता है। लेकिन इस पेड़ का घर के सामने होने से व्यक्ति को अशुभता और असफलताओं का सामना करना पड़ सकता है। मदार का पेड़ नकारात्मकता से भी जोड़ा जाता है। इस पेड़ को घर के सामने लगाने से व्यक्ति के घर में कभी भी सुख-शांति का वास नहीं होता है। साथ ही अशुभ परिणाम भी मिलने लग जाते हैं।



### घर में होता है दुर्भाग्य का आगमन

मदार का पेड़ घर के सामने लगाने से व्यक्ति को सभी भी सफलता की प्राप्ति नहीं होती है। साथ ही घर-परिवार में भी कलह-क्लेश की स्थिति बनी रहती है। इसके अलावा घर में रोगदोष का सामना करना पड़ता है। इसलिए घर के सामने भूलकर भी मदार का पेड़ नहीं होना चाहिए।

### मदार का पेड़ घर के सामने वास्तु के अनुसार है अशुभ

वास्तु शास्त्र के अनुसार मदार का पेड़ भूलकर भी घर के सामने नहीं लगाना चाहिए। इसे घर के सामने लगाने से व्यक्ति को कभी भी शुभ परिणाम नहीं मिलते हैं। साथ ही हमेशा दुर्घटनाओं का भी सामना करना पड़ता है। इसलिए इस बात का खास ध्यान रखें कि भूलकर भी आक के पेड़ को घर के सामने न लगाएं।

कार्नर न्यूज

## स्मार्ट गैजेट मेंस के लिए, जिन्हें खरीदने के बाद आप भी तारीफ करेंगे


# साइंस फिक्शन फिल्मों से निकल कर हकीकत में सामने आ रहे स्मार्ट गैजेट्स, आजमाइए जरूर

आज के दौर में कई ऐसी चीजें बाजार में आ चुकी हैं जिनकी झलक हॉलीवुड की साइंस फिक्शन फिल्मों में ही देखने को मिलती थी। पिछले एक साल में खासतौर पर एआई टेक्नोलॉजी काफी तेजी से आगे बढ़ रही है।

इस एआई के मायाजाल में अगर आप भी ट्रेंडी, स्मार्ट और कूल गैजेट्स की तलाश में हैं या फिर टेक मार्केट में कटिंग-एज टेक्नोलॉजी से लैस गैजेट अपने किसी खास को गिफ्ट करना चाहते हैं तो ये प्रोडक्ट्स काफी काम आ सकते हैं।

### रिवॉल्व स्मार्टवॉच

पेबले कंपनी की रिवाल्व एक ऐसी स्मार्टवॉच है जो मॉर्डन दौर में आपके लिए कामयाब साबित हो सकती है। इस स्मार्टवॉच में 1.39 आईपीएस इंफिनिट डिस्प्ले और 500 नीट्स ब्राइटनेस मौजूद है। इस स्मार्टवॉच में 3 मेटालिक डायल्स और कई तरह के स्ट्रैप्स मिलते हैं जिनमें मेटालिक, सिलिकॉन और फॉक्स लेदर जैसे स्ट्रेप्स शामिल हैं। इसके चलते आप खुद की स्मार्टवॉच को कस्टमाइज कर सकते हैं। खास बात ये है कि ये स्मार्टवॉच वॉटर प्रूफ भी है। इसके अलावा इस स्मार्टवॉच में एडवांस ब्लूटूथ कॉलिंग का ऑप्शन भी मिलेगा।



### नथिंग फोन

आज के दौर में नथिंग फोन ने एक ऐसा स्मार्टफोन तैयार किया है जो कई मायनों में अलग है। फीचर्स की अगर बात करें तो बेहद प्रीमियम क्वालिटी और डिजाइन वाले नथिंग फोन 2 के बैक वाले हिस्से में ग्लाई पीएच एलईडी स्ट्रीप्स देखने को मिल जाती हैं जो मैसेज या कॉल आने पर सिग्नल देती है। इस फोन की होम स्क्रीन भी ऐसी है जो आपका ध्यान भटकाने की कम से कम कोशिश करे। इस फोन का कैमरा 32एमपी का है और इसके बैक वाले हिस्से में ड्यूल रियर कैमरा सिस्टम मौजूद है। इसमें 50 एमपी सेंसर भी देखने को मिलेगा।

### मिनी आर्केड मशीन

आज के दौर में आर्केड गेम्स खेलने का एक नया और दिलचस्प तरीका सामने आया है। अगर एक्सरसाइज या कोई और आउटडोर एक्टिविटी भी आपको रास नहीं आती है तो मिनी आर्केड मशीन सही मायनों में आपके लिए लाभदायक साबित हो सकता है।इस मशीन में बर्गरटाइम, कोंट्रा,कराटे चैंप और बैड डूड्ज जैसे कई क्लासिक गेम आपको खेलने के लिए मिल जाएंगे। इस मशीन का 4.23 इंच एचडी डिस्प्ले गेमिंग सेशन को काफी मजेदार बनाता है।



### स्लीप ऐड डिवाइस

आज भागदौड़ की दुनिया में कई लोग ऐसे होते हैं जो सोने के लिए सप्लीमेंट्स या किसी और तरकीब का सहारा लेते हैं लेकिन ये डिवाइस एक सिंपल टेक-बेस्ड प्रोडक्ट है जो अब तक कई लोगों की नींद ना आने की समस्या को सुलझा चुका है। ये एक बेसिक डिवाइस है जो आपकी छत पर कुछ मिनटों के लिए बेहद तेजी से एक ब्लू लाइट को प्रोजेक्ट करता है। इसका मकसद आपका अपनी सांस पर फोकस करना है। इसके जरिए आपका दिमाग शांत होने लगता है और आमतौर पर लोगों को कुछ मिनटों बाद ही नींद आनी शुरु हो जाती है।



### नथिंग ईयर 2

नथिंग ईयर 2 हेडसेट की खास बात ये है कि ये देखने में काफी प्रीमियम लगते हैं। कई लोगों का ये भी कहना था कि ये ईयरफोन बाकी कई ईयरफोन के मुकाबले सस्ते भी हैं। नथिंग के ईयर 2 हेडसेट की अगर बात करें तो इसका लुक काफी हद तक नथिंग ईयर 1 से ही मिलता जुलता है।

